भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक
का
राजस्व क्षेत्र पर प्रतिवेदन

31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिए

मध्य प्रदेश शासन

वर्ष 2021 का प्रतिवेदन संख्या 2

विषय – सूची

कंडिका	विवरण	पृष्ठ
	प्रस्तावना	iii
अध्याय 1 : विहंगावलोकन		
1.1	प्रतिवेदन के संबंध में	1
1.2	राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति	1
1.3	राजस्व के बकाया का विश्लेषण	9
1.4	वापसियों के लंबित दावें	10
1.5	लेखापरीक्षा प्राधिकार	11
1.6	लेखापरीक्षा दृष्टिकोण	11
1.7	लेखापरीक्षा प्रक्रिया	11
1.8	लेखापरीक्षा पर विभागों/शासन की प्रतिक्रिया	12
1.9	लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्यवाही	13
1.10	अभिस्वीकृति	16
1.11	महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	16
अध्याय 2 : वाणिज्यिक कर		
2.1	परिचय	20
2.2	कर प्रशासन	20
2.3	प्राप्तियों की प्रवृति	21
2.4	लेखापरीक्षा दृष्टिकोण	22
2.5	लेखापरीक्षा परिणाम	23
2.6	टर्नओवर का त्रुटिपूर्ण निर्धारण	23
2.7	त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना	25
2.8	केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना	26
2.9	प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण	27
2.10	अस्वीकार योग्य आगत कर छूट (आईटीआर) को मान्य करना	28
2.11	माल एवं सेवा कर में परिवर्तन के लिए तैयारी	30
2.12	आगत कर क्रेडिट का दावा एवं स्वीकृति	31
2.13	लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड का प्रदाय नहीं किया जाना	32

अध्याय 3 : मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस		
3.1	परिचय	34
3.2	कर प्रशासन	34
3.3	राजस्व की प्रवृति	35
3.4	लेखापरीक्षा दृष्टिकोण	35
3.5	लेखापरीक्षा परिणाम	36
3.6	संपत्तियों के न्यून मूल्यांकन के कारण मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस का कम आरोपण	37
3.7	मुद्रांक शुल्क की त्रुटिपूर्ण दर का लगाया जाना	37
3.8	भूमि विकास से संबंधित अनुबंधों पर पंजीयन फीस की कम प्राप्ति	38
3.9	सॉफ्टवेयर में अपर्याप्त नियंत्रण	39
3.10	पट्टा अनुबंधों के तहत देय या परिदेय रॉयल्टी की संपूर्ण राशि पर शुल्क/फीस आरोपित नहीं किया जाना	39
3.11	निष्कर्ष	40
अध्याय 4 : भू–राजस्व		
4.1	परिचय	42
4.2	प्राप्तियों की प्रवृत्ति	43
4.3	लेखापरीक्षा के परिणाम	44
4.4	भू–राजस्व एवं प्रीमियम का न्यून आरोपण	45
4.5	व्यपवर्तित प्रकरणों में भू–राजस्व की वसूली न होना	47
4.6	विभागीय निरीक्षण	48
4.7	निष्कर्ष	49
परिशिष्ट		51
संक्षिप्त रूपों की शब्दावली		139

प्रस्तावना

भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष का यह प्रतिवेदन राज्य विधान सभा में रखे जाने हेतु भारत के संविधान के अनुच्छेद 151 के अधीन मध्य प्रदेश के राज्यपाल को प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है।

इस प्रतिवेदन में मध्य प्रदेश शासन के राजस्व अर्जित करने वाले प्रमुख विभागों की प्राप्तियों एवं व्यय की लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों को सम्मिलित किया गया है। लेखापरीक्षा नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 के अधीन संपादित की गयी है।

इस प्रतिवेदन में वे प्रकरण उल्लेखित हैं, जो वर्ष 2018–19 की अवधि की नमूना लेखापरीक्षा के क्रम में देखे गये, साथ ही वे प्रकरण भी जो पूर्व के वर्षों में ध्यान में आये किंतु पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में उन्हे प्रतिवेदित नहीं किया जा सका; वर्ष 2018–19 के आगे की अवधि के प्रकरण भी, जहाँ आवश्यक था, सम्मिलित किये गये हैं।

लेखापरीक्षा का कार्य भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के द्वारा जारी किये गये लेखापरीक्षण मानकों के अनुरूप किया गया है।

अध्याय – I
विहंगावलोकन

1.1 प्रतिवेदन के संबंध में

इस प्रतिवेदन में राजस्व क्षेत्र के राजस्व अर्जित करने वाले मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख विभागों की प्राप्तियों की अनुपालन लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण निष्कर्षों को सम्मिलित किया गया है। लेखापरीक्षा को नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 के अधीन सम्पादित किया गया हैं।

इस प्रतिवेदन में बिक्री, व्यापार आदि पर कर, वस्तु एवं सेवा कर, मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस, एव भू–राजस्व से संबंधित चार अध्याय सम्मिलित हैं। प्रतिवेदन का कुल वित्तीय निहितार्थ ₹ 57.44 करोड़ है।

अनुपालन लेखापरीक्षा दिए गए विषय वस्तु (गतिविधि, वित्तीय अथवा गैर वित्तीय लेन देन, इकाई अथवा इकाईयों के समूह के संबंध में जानकारी) का एक स्वतंत्र निर्धारण है कि क्या वे लागू विधि, नियम, अधिनियमों, स्थापित कोड, आदि, एवं ठोस सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन के सामान्य सिद्धातों तथा सार्वजनिक अधिकारियों के आचरण, के संबंध में अनुपालन करता है।

इस प्रतिवेदन का प्राथमिक उद्देश्य, महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा के परिणामों को राज्य विधायिका के संज्ञान में लाना हैं। लेखापरीक्षा के निष्कर्ष से, कार्यकारी को सुधारात्मक कार्यवाही हेतु सक्षम करना, उचित नितियों की रूपरेखा तैयार करना, साथ ही साथ निर्देश जारी करना जिससे संस्थान के वित्तीय प्रबंधन में सुधार होना एवं बेहतर प्रशासन में योगदान, अपेक्षित हैं।

इस प्रतिवेदन की लेखापरीक्षा आपत्तियाँ, संबंधित शासकीय विभागों द्वारा लेखापरीक्षा को उपलब्ध करवाये गए अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा का परिणाम हैं। समान त्रुटियाँ/चूक राज्य के संबंधित शासकीय विभागों की अन्य इकाईयों में भी पायी जा सकती हैं, परन्तु जिन्हे नमूना जाँच में शामिल नहीं किया गया हैं। अतः विभाग/शासन अन्य सभी इकाईयों की जाँच यह सुनिश्चित करने के लिये कर सकते हैं कि, करों का निर्धारण, आरोपण, संग्रह एवं लेखांकन संबंधित अधिनियमों एवं नियमों के प्रावधानों के अनुरूप हैं।

यह अध्याय मध्य प्रदेश शासन के वर्ष 2018–19 के दौरान राजस्व प्राप्तियों, पाँच वर्ष की अवधि 2014–15 से 2018–19 मे राजस्व प्राप्तियों की प्रवृति का विश्लेषण, एवं 31 मार्च 2019 की स्थिति में बकाया कर राजस्व के लंबित संग्रहण के विवरण का विहंगावलोकन प्रस्तुत करता है। साथ ही, राज्य की राजस्व प्राप्तियों की जाँच का लेखा परीक्षा दृष्टिकोण रेखांकित किया गया है एवं लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर राज्य शासन की प्रतिक्रिया की भी चर्चा की गई हैं।

1.2 राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति

अवधि 2018–19 के दौरान मध्य प्रदेश शासन द्वारा वसूल किया गया कर एवं कर भिन्न राजस्व, राज्यों को समुनदेशित विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों के शुद्ध आगम में से राज्य का अंश एवं भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान एवं पूर्व चार वर्षों की अनुरूप राजस्व प्राप्तियों की प्रवृति, को **चार्ट 1.1** में दर्शाया गया है।

चार्ट 1.1 : राजस्व प्राप्तियों की प्रवृत्ति

(₹ करोड़ में)



संसाधनों के एकत्रीकरण में राज्य के प्रदर्शन का आकलन, कर राजस्व एवं कर भिन्न राजस्व, केन्द्रीय करों में राज्य के अंश एवं सहायता अनुदान को छोड़कर, के संदर्भ में किया जाता है, जो कि वित्त आयोग की अनुशंसाओं पर आधारित है। जैसा कि उपरोक्त चार्ट से देखा जा सकता है, 2014–17 (2015–16 में 9.97 प्रतिशत; 2016–17 में 9.90 प्रतिशत की वृद्धि) की अवधि में राज्य द्वारा वसूल किया गया कर राजस्व एक स्वस्थ वृद्धि प्रदर्शित कर रहा है। यह 2017–18 में 1.40 प्रतिशत की सीमांत वृद्धि प्रदर्शित करता हैं, परन्तु 2018–19 में ₹ 50,882 करोड़ की 13.55 प्रतिशत की सीमित वृद्धि से एवं राज्य की सम्पूर्ण राजस्व प्राप्ति का मुख्य योगदानकर्ता था।

जैसा कि उपरोक्त चार्ट से देखा जा सकता है, राज्य को सौपे गए विभाज्य संधीय करों एवं शुल्कों के शुद्ध आगम में राज्यों का अंश, 2016–17 से 2018–19 के दौरान राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं।

भारत सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान, 2014–15 से 2017–18 में सतत वृद्धि दर्शाता है; यद्यपि, 2018–19 के दौरान 5.06 प्रतिशत की कमी रही। 2018–19 के दौरान मध्यम वृद्धि को प्रदर्शित करने से पहले 2014–17 की अवधि में कर भिन्न प्राप्तियों में उतार–चढ़ाव रहा है।

राजस्व प्राप्तियों के विभिन्न घटकों की संरचना ने भी पाँच साल की अवधि 2014–19 में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं, जैसा कि नीचे दिए गए चार्ट 1.2 एवं 1.3 से देखा जा सकता हैं।

2014–15 के विरूद्ध 2018–19 में राजस्व प्राप्ति की संरचना

चार्ट 1.2 : 2014–15



चार्ट 1.3 : 2018–19

(₹ करोड़ में)



उपरोक्त चार्ट से देखा जा सकता है कि, राज्य को सौंपे गए विभाज्य संघीय करों एवं शुल्कों के शुद्ध आगम में राज्यों का अंश, 2014–15 के 27 प्रतिशत से बढ़कर 2018–19 में 39 प्रतिशत हो गया, जबकि राज्य के कर राजस्व का योगदान 41 प्रतिशत से घटकर 34 प्रतिशत हो गया एवं इसी अवधि में कर भिन्न राजस्व, 12 प्रतिशत से घटकर आठ प्रतिशत हुआ। राज्य के कुल राजस्व से, राज्य शासन द्वारा वसूल किया गया कर एवं कर भिन्न राजस्व का प्रतिशत 2014–15 के 53 प्रतिशत से घटकर 2018–19 में 42 प्रतिशत हो गया।

1.2.1 कर राजस्व

राज्य शासन द्वारा अवधि 2014–15 से 2018–19 के दौरान जुटाए गए कर राजस्व का विवरण तालिका 1.1 में दिया गया है।

तालिका 1.1: वसूल किए गए कर राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

राजस्व शीर्ष	2014–15	2015.–16	2016.–17	2017–18	2018–19	2018–19 में 2017–18 की तुलना में वृद्धि (+)/कमी (–) का प्रतिशत
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	18,135.96	19,806.15	22,561.12	14,984.04	9,903.20	(–) 33.91
राज्य वस्तु एवं सेवा कर[1]	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं	8,696.12	18,508.49	(+) 112.84

[1] वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 01 जुलाई 2017 से क्रियान्वित किया गया।

माल तथा यात्री कर	2,686.39	3,084.76	3,805.04	1,159.30	117.50	(–) 89.86
राज्य उत्पाद शुल्क	6,695.54	7,922.84	7,532.59	8,245.01	9,542.15	(+) 15.73
मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस	3,892.77	3,867.69	3,925.43	4,788.51	5,277.99	(+) 10.22
विद्युत कर तथा शुल्क	2,010.20	2,257.83	2,620.53	2,590.29	2,616.29	(+) 1.00
वाहन कर	1,823.84	1,933.57	2,251.51	2,691.62	3,008.26	(+) 11.76
भू–राजस्व	243.10	276.86	406.65	490.99	383.91	(–) 21.81
अन्य	1,079.51	1,063.96	1,090.78	1,164.98	1,524.62[2]	(+) 30.87
योग (1 से 9)	**36,567.31**	**40,213.66**	**44,193.65**	**44,810.86**	**50,882.41**	**(+) 13.55**

स्रोत – मध्य प्रदेश शासन के संबधित वर्षों के वित्त लेखे
टीप – स.क्र. 1–3 के अतंर्गत प्राप्तियाँ वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित हैं।

अवधि 2018–19 में कर राजस्व में, पूर्व वर्ष से 13.55 प्रतिशत की वृद्धि मुख्य रूप से राज्य वस्तु एवं सेवा कर प्राप्तियों में राशि ₹ 9,812.37 करोड़ की महत्वपूर्ण बढ़ोतरी के कारण रही।

1.2.1.1 2017–18 की तुलना में 2018–19 में प्राप्तियों में अंतर के कारण

जैसा कि उपरोक्त तालिका 1.1 से देखा जा सकता है, पूर्व वर्ष 2017–18 से 2018–19 के दौरान राजस्व के विभिन्न मदों में प्राप्तियों में (–) 89.86 प्रतिशत से (+) 112.84 प्रतिशत के मध्य अंतर था। संबंधित विभागों ने निम्नलिखित कारकों को अंतर के लिए जिम्मेदार बताया :

मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीसः इस मद में 10.22 प्रतिशत (₹ 489.48 करोड़) की वृद्धि मुख्य रूप से पूर्व वर्ष से पंजीकृत दस्तावेजों की संख्या में वृद्धि (6.06 प्रतिशत) होना एवं साथ ही जनवरी 2018 में नगर पलिका शुल्क में वृद्धि, दो प्रतिशत से तीन प्रतिशत, होना भी रहा।

माल एवं यात्री करः 89.86 प्रतिशत (₹ 1,041.80 करोड़) की कमी का कारण माल एवं यात्री कर को वस्तु एवं सेवा कर के अतंर्गत कर दिया जाना रहा।

वाहनों पर करः 11.76 प्रतिशत (₹ 316.64 करोड़) की वृद्धि का कारण बेहतर प्रबंधन एवं मैदानी अमले के प्रयास रहे।

भू–राजस्वः राजस्व में 21.81 प्रतिशत (₹ 107.08 करोड़) की कमी मुख्य रूप से जिला स्तर पर अधिकारियों एवं अमले की कमी के कारण संग्रहण में कठिनाईयाँ, साथ ही साथ उनका अन्य शासकीय कार्यों में व्यस्त रहना रहा।

राज्य आबकारीः 15.73 प्रतिशत (₹ 1,297.14 करोड़) की वृद्धि का मुख्य कारण शराब दुकानों की निविदा के दौरान प्राप्त राशि में वृद्धि होना रहा।

[2] 'अन्य' में होटल प्राप्ति (₹ 0.02 करोड़), आय एवं व्यय पर कर (₹ 321.18 करोड़), कृषि भूमि से इतर अचल सम्पत्ति पर कर (₹ 701.15 करोड़) और वस्तुओं तथा सेवाओं पर अन्य कर तथा शुल्क (₹ 502.27 करोड़)।

कर राजस्व में राजस्व के विभिन्न मदों की भागीदारी (₹ करोड़ में)

चार्ट 1.4 (2014–15) **चार्ट 1.5 (2018–19)**



उपरोक्त चार्ट इंगित करते हैं कि, विगत पाँच वर्षों की अवधि में विभिन्न विभागों की भागीदारी काफी हद तक स्थिर रही हैं।

1.2.1.2 कर राजस्व के बजट अनुमान विरूद्ध वास्तविक

वर्ष 2018–19 के दौरान कर राजस्व के बजट अनुमान तथा वास्तविक की तुलना **चार्ट 1.6** में दी गई हैं।

चार्ट 1.6: वर्ष 2018–19 में कर राजस्व के बजट अनुमान तथा वास्तविक की तुलना

(₹ करोड़ में)



चार्ट 1.6 से देखा जा सकता है कि 2018–19 के दौरान बजट अनुमान तथा वास्तविक के मध्य (–) 68.01 एवं (+) 55.22 प्रतिशत का अन्तर था। राज्य आबकारी को छोड़कर, जहाँ बजट अनुमान अधिक रहा, अन्य कोई भी कर प्राप्तियाँ बजटीय अपेक्षाओं को प्राप्त न कर सकी। बजटीय अनुमानों के संदर्भ में राजस्व प्राप्तियों में कमी के संबंधित विभागों द्वारा बताये गये कारण नीचे दिये गये है:

राज्य वस्तु एवं सेवा करः कमी मुख्य रूप से, नई कर प्रणाली और नये साफ्टवेयर के प्रयोग में व्यवहारिक कठिनाई के कारण थी।

भू–राजस्वः कमी का कारण जिला स्तर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कमी और साथ ही उनका अन्य शासकीय कार्यो में व्यस्त रहना था।

विद्युत कर तथा शुल्कः शासन के बजट अनुमान अधिक थे, इसलिये कमी हुई।

अन्य तीन विभागों अर्थात, **पंजीयन तथा मुद्रांक, वाणिज्यिक कर (बिक्री, व्यापार आदि पर कर के लिये) और परिवहन** ने बताया कि उनके द्वारा वर्ष के लिये संशोधित अनुमान (स.अ.) के आंकड़ों को प्राप्त किया गया।

1.2.2 कर भिन्न राजस्व

अवधि 2014–19 के दौरान वसूल किए गए कर भिन्न राजस्व का विवरण **तालिका 1.2** में दर्शाया गया हैं:

तालिका 1.2 : कर भिन्न राजस्व का विवरण

(₹ करोड़ में)

राजस्व शीर्ष	2014–15	2015–16	2016–17	2017–18	2018–19	2018–19 में 2017–18 की तुलना में वृद्धि (+)/कमी (–) का प्रतिशत
अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग	2,813.66	3,059.64	3,168.28	3,640.72	3,933.56	(+) 8.04
शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति	3,276.10	1,292.41	1,824.03	1,309.69	2,366.39	(+) 80.68
वानिकी एवं वन्य जीवन	968.77	1,001.71	917.98	1,112.25	1,042.94	(–) 6.23
ब्याज प्राप्तियाँ	1,260.65	429.47	581.67	639.11	880.34	(+) 37.74
ऊर्जा	381.23	190.09	357.87	195.15	190.33	(–) 2.47
लघु सिचांई	299.77	326.74	336.24	354.20	545.04	(+) 53.88
वृहद एवं मध्यम सिंचाई	137.55	156.16	238.12	169.70	263.48	(+) 55.26
लाभांश एवं लाभ	80.35	129.64	231.50	622.36	347.26	(–) 44.20
अन्य प्रशासनिक सेवाएँ	140.21	147.01	193.87	132.66	355.97	(+) 168.33
चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य	120.16	121.04	167.04	128.98	214.46	(+) 66.27

अन्य कर भिन्न प्राप्तियाँ	896.78	1,71488	1,069.91	756.36	1,758.92[3]	(+) 132.55
योग	**10,375.23**	**8,568.79**	**9,086.51**	**9.061.18**	**11,898.69**	

स्रोत – मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे एवं बजट अनुमान

1.2.2.1 2017–18 की तुलना में 2018–19 में प्राप्तियों में अंतर का कारण

तालिका 1.2 से देखा जा सकता है कि, 2017–18 की तुलना में 2018–19 की कर भिन्न राजस्व प्राप्तियों के विभिन्न मदों में (–) 44.20 एवं (+) 168.33 प्रतिशत के मध्य का अन्तर था।

संबंधित विभागों द्वारा 2018–19 की प्राप्तियों में, 2017–18 की तुलना में अंतर के निम्न कारण प्रतिवेदित किए गए:

शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृतिः इस मद में 80.68 प्रतिशत (₹ 1,056.70 करोड़) की वृद्धि मुख्यतः वेतन की प्रतिपूर्ति, छात्रो की संख्या तथा निजी महाविद्यालयों के शुल्क में वृद्धि एवं केन्द्र सरकार से शिक्षा के अधिकार शुल्क की प्रतिपूर्ति में उच्च प्राप्ति रहे। जिलों द्वारा, मार्च 2019 में विशेष अभियान के अंतर्गत शासकीय कोषालयों में अप्रयुक्त धन भी जमा करवाया गया।

लघु सिचांईः इस मद में 53.88 प्रतिशत (₹ 190.84 करोड़) की वृद्धि मुख्यतः नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन (एन.टी.पी.सी.) द्वारा वन टाईम सैटलमेंट अंतर्गत बकाया राशि का एवं 2018–19 के दौरान उत्तर प्रदेश एवं बिहार शासन द्वारा बाणसागर के पानी के भाग का जमा किया जाना रहा।

वृहद एवं मध्यम सिंचाईः इस मद में 55.26 प्रतिशत (₹ 93.78 करोड़) की वृद्धि मुख्यतः नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण (एन.वी.डी.ए.) के नहर परियोजनाओं से उच्च राजस्व के कारण रही।

लाभांश एवं लाभः इस मद में 44.20 प्रतिशत (₹ 275.10 करोड़) की कमी मुख्यतः इन्दिरा सागर परियोजना अंतर्गत नर्मदा जलविद्युत विकास निगम (एन.एच.डी.सी.) से लाभांश में कमी (87 प्रतिशत, ₹ 540.69 करोड़) के कारण रही, जो अन्य निवेश से लाभांश में वृद्धि (₹ 265.59 करोड़) से ऑफ सेट हुआ।

अन्य प्रशासनिक सेवाएँः इस मद में 168.33 प्रतिशत (₹ 223.31 करोड़) की वृद्धि मुख्यतः न्यायालयीन प्रकरणों में शास्ति में वृद्धि (210 प्रतिशत, ₹ 207.61 करोड़) एवं नगरीय निकायों द्वारा शासकीय लेखापरीक्षा शुल्क की बकाया जमा किया जाना रहा।

चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्यः इस मद में 66.27 प्रतिशत (₹ 85.48 करोड़) की वृद्धि मुख्यतः निजी नर्सिंग शालाओं का प्रारंभ, पाठ्यक्रम में वृद्धि, इलाज के लिए निजी अस्पतालों की मान्यता के लिए शुल्क, गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए अस्पतालों की मान्यता के लिए शुल्क, निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठय्क्रम की सीट हेतु बढ़ा हुआ शुल्क का जमा किया जाना एवं कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अतंर्गत भारत सरकार से अधिक प्रतिपुर्ति, के कारण रही।

---

[3] 'अन्य कर भिन्न प्राप्तियों में वर्ष 2018–19 के दौरान निम्नलिखित राजस्व शीर्षों से प्राप्त वास्तविक प्राप्तियाँ (₹ करोड़ में) निहित हैं : लोक सेवा आयोग (6.42), पुलिस (145.70), जेल (3.65), लोक निर्माण (151.75), लेखन सामग्री एवं मुद्रण (12.42), पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति लाभों के संबंध में अंशदान तथा वसूली (222.35), परिवार कल्याण (0.23), जलपूर्ति तथा सफाई (25.34), आवास (28.02), शहरी विकास (15.00), सूचना तथा प्रचार (0.38), श्रम तथा रोजगार (27.18), सामाजिक सुरक्षा तथा कल्याण (11.66), अन्य सामाजिक सेवायें (92.69), फसल कृषि–कर्म (62.14), पशुपालन (2.73), डेरी विकास (0.005), मछली पालन (9.94), खाद्य भंडारण तथा भांडागार (1.38), अन्य कृषि कार्यक्रम (1.91), अन्य ग्राम विकास कार्यक्रम (14.97), पेट्रोलियम (0.004), नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा (10.28), ग्राम एवं लघु उद्योग (88.13), उद्योग (0.85), अन्य उद्योग (0.14), सड़क एवं सेतु (1.18), पर्यटन (11.18), अन्य सामान्य आर्थिक सेवाएं (29.71), सहकारिता (8.40), एवं विविध सामान्य सेवाऐं (773.18)।

चार्ट 1.7: 2018–19 के दौरान कर भिन्न राजस्व में राजस्व के विभिन्न मदों का भाग

(₹ करोड़ में)



उपरोक्त चार्ट दर्शित करता है कि, अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग कर भिन्न राजस्व का सबसे बडा भागीदार रहा, तत्पश्चात शिक्षा, खेल, कला एवं संस्कृति एवं वानिकी एवं वन्य जीवन मिलकर राज्य सरकार के कर भिन्न राजस्व का 60 प्रतिशत लेखांकित करते हैं।

1.2.2.2 कर भिन्न राजस्व के बजट अनुमान विरूद्ध वास्तविक

वर्ष 2018–19 के दौरान कर भिन्न राजस्व के बजट अनुमान तथा वास्तविक की तुलना **चार्ट 1.8** में दी गई हैं।

चार्ट 1.8: वर्ष 2018–19 में कर भिन्न राजस्व के बजट अनुमान तथा वास्तविक की तुलना

(₹ करोड़ में)



चार्ट 1.8 से देखा जा सकता है कि 2018–19 के दौरान राजस्व के विभिन्न मदों में बजट अनुमान तथा वास्तविक के मध्य (–) 55.21 एवं (+) 170.72 प्रतिशत का अन्तर था। बजटीय अनुमानों के संदर्भ में राजस्व प्राप्तियों में कमी के संबंधित विभागों द्वारा बताये गये कारण नीचे दिये गये है:

वानिकी एवं वन्य जीवन: वर्ष 2018–19 के दौरान राजस्व में कमी का कारण भारत सरकार द्वारा पेड़ों की कटाई की स्वीकृति की प्राप्ति में विलंब था। चूंकि वनोपज का निस्तारण खुली नीलामी के द्वारा होने से, दरें बाजार की परिस्थितियों पर निर्भर होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप राजस्व की कम प्राप्ति हुई।

ऊर्जा: सरदार सरोवर योजना से राजस्व प्राप्ति बिजली के उत्पादन पर निर्भर करती है। वर्ष 2018–19 के दौरान वर्षा में कमी के कारण, बिजली उत्पादन कम हुआ। इसलिये, राजस्व प्राप्ति प्रभावित हुई।

खनिज संसाधन: विभाग ने बताया कि उनके द्वारा वर्ष के लिए सं.अ. के आंकड़ों को प्राप्त किया गया।

1.3 राजस्व के बकाया का विश्लेषण

राजस्व के कुछ प्रमुख शीर्षों में 31 मार्च 2019 को बकाया राजस्व की राशि ₹ 6,350.41 करोड़ में से ₹ 2,678.15 करोड़ (42 प्रतिशत) की राशि पाँच वर्षों से अधिक अवधि से बकाया थी, विवरण **तालिका 1.3** में दर्शाए गए हैं:

तालिका 1.3: बकाया राजस्व

(₹ करोड़ में)

राजस्व शीर्ष	31 मार्च 2018 को बकाया कुल राशि	31 मार्च 2019 को बकाया कुल राशि	31 मार्च 2019 को पाँच वर्षों से अधिक समय से बकाया राशि
बिक्री, व्यापार आदि पर कर	5,219.48	5,405.24	2,361.88
विभाग ने उत्तर दिया कि बकाया राजस्व की वसूली के प्रयास किये गये थे एवं उनकी तरफ से कोई ढिलाई नहीं थी। बकाया राजस्व का विवरण नीचे दिया गया है: • ₹ 2,007.96 करोड़ विभिन्न न्यायालयीन प्रक्रियाओं में लंबित, ₹ 643.17 करोड़ अपीलीय प्राधिकारियों के पास लंबित, ₹ 236.89 करोड़ बीमार मीलों या औद्योगिक एवं वित्तीय पुर्ननिर्माण बोर्ड (औ. वि. पु. बो.) में सम्मिलित थी, • ₹ 5.42 करोड़ किस्तों में, ₹ 1,044.97 करोड़ बंद फर्मों में, ₹ 814.32 करोड़ संपत्तियों के जब्ती में, एवं • ₹ 273.75 करोड़ के राजस्व वसूली प्रमाण–पत्र (आर.आर.सी.) जारी किए गए, ₹ 9.39 करोड़ अपलेखन हेतु लंबित, एवं ₹ 369.37 करोड़ सामान्य वसूली थी।			
राज्य उत्पाद शुल्क	220.72	221.15	75.28
विभाग ने उत्तर दिया कि: • ₹ 14.42 करोड़ न्यायालय में लंबित, • राशि अवसूली योग्य होने से, ₹ 56.24 करोड़ की अपलेखन हेतु कार्यवाही जारी, एवं • शेष ₹ 150.49 करोड के बकाया राजस्व के संबध में जानकारी नहीं प्रदान की गयी।			
मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस	343.61	413.69	104.46

विभाग ने उत्तर दिया कि बकाया राजस्व जिला स्तर पर लंबित थे, एवं कलेक्टर ऑफ स्टाम्प द्वारा धारा 48(ब) के अंतर्गत बकाया राजस्व की वसूली के लिये आवश्यक कार्यवाही की जा रही थी। तथापि, पक्षकारों को नोटिस जारी करने के बावजूद, उनके अनुपस्थित रहने के कारण प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण नहीं हो पाया। बकाया राजस्व का विवरण नीचे दिया गया है:

- ₹ 41.36 करोड़ न्यायालय में लंबित, ₹ 187.37 करोड़ पक्षकारों द्वारा उत्तर नहीं दिये जाने के कारण लंबित, ₹ 71.68 करोड़ बकयादारों के पता नहीं मालूम होने से लंबित, एवं ₹ 10.46 करोड़ जिला स्तर पर लंबित।
- ₹ 37.91 करोड़ की आर.आर.सी. जारी कर दी गयी, ₹ 12.63 करोड़ मूल्य की वसूली के लिये जब्ती के आदेश, एवं ₹ 52.28 करोड़ की वसूली के लिये लगातार माँग पत्र जारी किये गये थे।

अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग	48.38	75.69	विभाग द्वारा उपलब्ण नहीं करवाए गये।

विभाग ने उत्तर दिया कि:

- बकाया में वर्ष 2018–19 में रिलायंस सासन पावर की बकाया रायल्टी ₹ 54.48 करोड़ सम्मिलित है; एवं
- शेष बकाया राजस्व का कारण जिलों से जानकारी प्राप्त होने पर दिया जायेगा।

विद्युत कर तथा शुल्क	225.07	234.64	136.53

विभाग ने उत्तर दिया कि:

- ₹ 119.39 करोड़ की वसूली न्यायालयाधिन प्रकरणों में लंबित थी, ₹ 3.67 करोड़ बीमार कपड़ा मिलों के विरूद्ध लंबित है, एव बकाया ₹ 83.47 करोड़ अन्य स्तरों पर लंबित है, एवं
- ₹ 28.11 करोड़ उन प्रकरणों में लंबित है, जहाँ आर.आर.सी. पहले ही जारी की जा चुकी है।

योग	**6,057.26**	**6,350.41**	**2,678.15**

1.4 वापसियों के लंबित दावें

विभागों द्वारा प्रतिवेदित, वर्ष 2017–18 के अंत में लंबित वापसी प्रकरणों का विवरण, **तालिका 1.4** में दिया गया है:

तालिका 1.4 : वापसियों के लंबित प्रकरणों का विवरण

(₹ करोड़ में)

विवरण	विक्रय, व्यापार इत्यादि पर कर		मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस		राज्य उत्पाद शुल्क		विद्युत कर तथा शुल्क	
	प्रकरणों की संख्या	राशि	प्रकरणों की संख्या	राशि	प्रकरणों की संख्या	राशि	प्रकरणों की संख्या	राशि
वर्ष के प्रारंभ में लंबित दावे **(अ)**	1,038	145.58	2,027	5.91	31	1.49	153	1.42
वर्ष के दौरान प्राप्त दावे **(ब)**	6,300	737.22	6,978	22.28	161	13.17	01	0.27
वर्ष के दौरान की गई वापसियाँ **(स)**	6,376	778.94	6,700	20.09	153	13.56	01	0.27

वर्ष के अंत में बकाया शेष **(अ+ब–स = द)**	962	103.86	2,305	7.81[4]	39	1.10	0[5]	0
वापसी का प्रतिशत **(स से {अ+ब})**	–	88.24	–	71.27	–	92.50	.–	–.

1.5 लेखापरीक्षा प्राधिकार

लेखापरीक्षा के लिये, भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक (सीएजी), भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 एवं 151 एव सीएजी के (कर्त्तव्य, शक्तियाँ तथा सेवा शर्तें) अधिनियम, 1971 (डीपीसी अधिनियम) से प्राधिकार प्राप्त करते है। सीएजी, शासन की प्राप्तियों की लेखापरीक्षा, डीपीसी अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत करते है।

1.6 लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

शासन में मुख्य सात राजस्व अर्जित करने वाले विभाग है, जिनमें सें, वर्ष 2018–19 में छः विभागों की लेखापरीक्षा संपन्न की गई, यथा् वाणिज्यिक कर, राज्य आबकारी, वाहन कर, भू–राजस्व, पंजीयन तथा मुद्रांक, तथा खनिज संसाधन। इस रिपोर्ट में छः विभागों में से तीन के निष्कर्ष सम्मिलित हैं।

तीनों विभागों में से प्रत्येक के लेखापरीक्षा यूनीवर्स का विवरण एवं वर्ष 2018–19 में प्रत्येक के अंतर्गत लेखापरीक्षित ईकाईयाँ **तालिका 1.5** में दी गई है।

तालिका 1.5 : प्रत्येक विभाग में कुल एवं लेखापरीक्षित इकाईयों का विवरण

विभाग का नाम	कुल ईकाईयों की संख्या	शीर्ष लेखापरीक्षा योग्य ईकाई[6]	लेखापरीक्षा इकाईयाँ	कुल लेखापरीक्षित इकाईयाँ
वाणिज्यिक कर	132	2	130	32
पंजीयन तथा मुद्रांक	290	1	289	33
भू–राजस्व	422	2	420	28

1.7 लेखापरीक्षा प्रक्रिया

संपूर्ण लेखापरीक्षा प्रक्रिया तीन व्यापक श्रेणियों में विभाजित की गई है – योजना, निष्पादन और रिपोर्टिंग। इन मदों का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

---

4 विभाग ने बताया (नवंबर 2019) कि वर्ष के अंत में शेष बकाया में अंतर पक्षकारों को गयी वापसियों में से किये गये कटौत्रें के कारण थी। विभाग ने आगे उत्तर में बताया (नवंबर 2020) कि कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस् द्वारा वापसियाँ, मुद्रांक अधिनियम, 1899 की धारा 49 से 54 में शामिल प्रावधानों के अनुसार किये गये थे।

5 ₹ 1.42 करोड़ के 153 वापसियों के दावे परिसीमा अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार तीन वर्ष की समयावधि की समाप्ति के कारण वापसी योग्य नहीं थे।

6 शीर्ष लेखापरीक्षित इकाईयाँ निर्देशक एवं पर्यवेक्षी होती है, जो निति निर्माण के लिये जिम्मेदार है। लेखापरीक्षा इकाईयों को उन इकाईयों के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिनमें लेखापरीक्षित इकाईयों के उद्देश्यों की पूर्ति संदर्भ में प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियों का पर्याप्त हस्तांतरण, कार्यात्मक स्वायत्तता और परिचालन महत्व जैसी विशेषता होती है।



1.8 लेखापरीक्षा पर विभागों/शासन की प्रतिक्रिया

शासन के विभागों तथा कार्यालयों की लेखापरीक्षा पूर्ण होने पर, नि.प्र. संबंधित कार्यालय प्रमुखों के साथ उनके वरिष्ठ अधिकारियों को प्रतिलिपि, निगरानी एवं सुधारात्मक

कार्यवाही हेतु, जारी की जाती है। विभागाध्यक्षों एवं शासन को गंभीर वित्तीय अनियमिततायें प्रतिवेदित की जाती है।

सितंबर 2020 के अंत तक विभाग–वार लंबित नि.प्र. एवं लेखापरीक्षा आपत्तियों का विवरण तालिका 1.6 में दिया गया है।

तालिका 1.6: सितंबर 2020 के अंत तक विभाग–वार लंबित नि.प्र./कंडिकाओं का विवरण

(₹ करोड़ में)

विभाग का नाम	प्राप्तियों की प्रकृति	लंबित निरीक्षण प्रतिवेदनों की संख्या	लंबित लेखापरीक्षा प्रेक्षणों की संख्या
वाणिज्यिक कर	बिक्री, व्यापार आदि पर कर	1,799	9,500
ऊर्जा	विद्युत कर तथा शुल्क	103	224
राज्य आबकारी	राज्य उत्पाद शुल्क	450	1,704
राजस्व	भू–राजस्व	1,580	4,998
परिवहन	वाहन कर	603	3,396
पंजीयन तथा मुद्रांक	मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस	809	2,311
खनिज संसाधन	अलौह धातु खनन एवं धातुकर्म उद्योग	355	1,812
योग		**5,699**	**23,945**

वर्षों से लगातार इस मुद्दे को उठाने के बावजूद, राज्य सरकार द्वारा लेखापरीक्षा की चिंताओं को दूर करने और लेखापरीक्षा कंडिकाओं को निपटाने के संबंध में सुधारात्मक कार्यवाही करना बाकी है।

म.प्र. शासन के मुख्य सचिव के कार्यालय के साथ मिलकर इस कार्यालय द्वारा वर्ष के दौरान पुरानी बकाया नि.प्र./कंडिकाओं की व्यापक समीक्षा की गयी। तदानुसार, विभागों से प्राप्त प्रतिक्रियाओं के आधार पर कुल 88 नि.प्र. और 3,585 कंडिकाओं का निपटारा किया गया।

अनुशंसायें:

राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिये शीघ्रता से एक उपयुक्त तंत्र बनाने की आवश्यकता है जिससे कि विभागीय अधिकारी नि.प्र. को तुरंत प्रतिक्रिया दें, सुधारात्मक कार्यवाही करें और बकाया नि.प्र. और कंडिकाओं के शीघ्र निपटारे के लिये लेखापरीक्षा के साथ मिलकर कार्य करें।

1.9 लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर अनुवर्ती कार्यवाही

शकधर समिति[7] द्वारा की गई अनुशंसाओं के अनुसार, लेखापरीक्षा प्रतिवेदन के विधानसभा के पटल पर रखे जाने के तीन माह के भीतर सभी विभागों को लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में सम्मिलित उनसे संबंधित सभी कंडिकाओं पर उनके द्वारा किए गए सुधारात्मक/उपचारात्मक उपायों पर व्याख्यात्मक टीप स्वतः ही लो.ले.स. को, महालेखाकार से विधिवत जाँच कराने के पश्चात, प्रस्तुत कर देना चाहिए।

राज्य राजस्व विभागों एवं जल संसाधन विभाग की वर्ष 2012–13 से 2016–17 की अवधि की लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की 54 कंडिकाओं पर व्याख्यात्मक टीप प्राप्त

[7] भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों पर राज्य सरकार की प्रतिक्रिया की समीक्षा हेतु नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति।

(अक्टूबर 2020) नहीं हुई थी। विवरण **तालिका 1.7** में दिया गया है।

तालिका 1.7: कंडिकाओं की संख्या जिनमें व्याख्यात्मक टीप प्राप्त नहीं हुई

विभाग का नाम	2012–13	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17
वाणिज्यिक कर	0	0	0	12	8
राज्य आबकारी	0	3	0	7	1
राजस्व	0	0	0	0	3
परिवहन	0	0	0	0	0
पंजीयन तथा मुद्रांक	1	0	0	13	4
खनिज संसाधन	0	0	0	0	0
जल संसाधन[8]	0	0	0	0	1
वन[9]	0	0	1	0	0
योग	**1**	**3**	**1**	**32**	**17**

राज्य के विधायी मामलों के विभाग द्वारा जारी (नवम्बर 1994) किये गये अनुदेशों के अनुसार, लो.ले.स. द्वारा अनुशंसा किये जाने की तिथि के छः माह के भीतर लो.ले.स. की अनुशंसाओं पर विस्तृत कार्यान्वयन प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने चाहिये। इन प्रावधानों के बावजूद, प्रतिवेदनों की लेखापरीक्षा कंडिकाओं पर कार्यान्वयन प्रतिवेदन अत्यधिक विलम्ब से प्रस्तुत किये गये।

लो.ले.स. द्वारा अनुशंसा प्रतिवेदनों[10] के जारी किये जाने के बाद राज्य के राजस्व विभागों के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन वर्ष 1999–2000 की 11 कंडिकायें एवं वर्ष 2005–06[11] से 2016–17 अवधि लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों की 229 कंडिकायें, कुल 240 कंडिकाओं के कार्यान्वयन प्रतिवेदन अक्टूबर 2020 तक प्राप्त नहीं हुए थे। विवरण **तालिक 1.8** में दिया गया है।

तालिका 1.8: अप्राप्त कार्यान्यवन प्रतिवेदन का विवरण

विभाग का नाम	कंडिकाओं की संख्या जिनमें कार्यान्वयन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुये
वाणिज्यिक कर	72
राज्य आबकारी	34
राजस्व	28
परिवहन	22
पंजीयन तथा मुद्रांक	35
खनिज संसाधन	25
वन	11
वाणिज्यिक कर (मनोरंजन कर)	11
वित्त	01
जल संसाधन	01
योग	**240**

[8] जल संसाधन विभाग एक प्राथमिक राजस्व उत्पन्न करने वाला विभाग नहीं है। तथापि, "जलकर का निर्धारण एवं संग्रहण" पर एक लेखापरीक्षा 2016–17 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित थी।

[9] वन विभाग भी एक प्राथमिक राजस्व उत्पन्न करने वाला विभाग नहीं हैं, यद्यपि, "वन प्राप्तियों" पर एक लेखा परीक्षा, 2014–15 के लेखा परीक्षा प्रतिवेदन में सम्मिलित थी।

[10] दिसम्बर 2004 से दिसंबर 2019 के मध्य इस कार्यालय में प्राप्त।

[11] 2000 से 2005 की अवधि के कार्यान्वयन प्रतिवेदन का निपटारा हो गया है।

अनुशंसायें:

राज्य सरकार को राजस्व के रिसाव को रोकने के लिये लेखापरीक्षा द्वारा बताई गई कमियों और प्रणालीगत कमियों के दूर करने के लिये कार्यवाही प्रारंभ करनी चाहिये। शासन को यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी विभाग लो.ले.स. की सिफारिशों पर तुरंत कार्यान्वयन प्रतिवेदन तैयार करें।

1.9.1 लो.ले.स. द्वारा राजस्व प्रतिवेदन पर चर्चा की स्थिति

2013–14 से 2016–17 की अवधि के अंतिम चार लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में, वर्षवार कुल लेखापरीक्षा कंडिकायें, चर्चा के लिये चुनी गई कंडिकायें एवं कंडिकायें जिन पर लो.ले.स. द्वारा चर्चा की गयी, **तालिका 1.9** में दी गई है।

तालिका 1.9: राजस्व प्रतिवेदनों पर लो.ले.स. द्वारा चर्चा की स्थिति

वर्ष	2013–14	2014–15	2015–16	2016–17	योग
कुल कंडिकायें	37	29	52	26	144
लो.ले.स. द्वारा चर्चा के लिये चयनित कंडिकायें	19	14	25	15	73
लो.ले.स. द्वारा चर्चा की गई कंडिकायें	7	5	5	2	19

ऊपर की तालिका से देखा जा सकता है कि, 2013–14 से 2016–17 की अवधि की अंतिम चार लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में कुल 144 कंडिकायें थी, जिनमें से, 73 लो.ले.स. द्वारा चर्चा के लिये चयनित की गयी परन्तु मात्र 19 कंडिकाओं पर चर्चा हुई।

1.9.2 पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन

2013–14 से 2017–18 की अवधि के अंतिम पाँच लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों में, विभाग/शासन ने ₹ 2,986.42 करोड़ की लेखापरीक्षा आपत्तियों को स्वीकार किया। तथापि, अक्टूबर 2020 तक केवल ₹ 51.43 करोड़ वसूल हुए, जैसा कि विवरण **तालिका 1.10** में है।

तालिका 1.10: पूर्व लेखापरीक्षा प्रतिवेदनों का अनुपालन

(₹ करोड़ में)

विभाग	स्वीकार्य राशि	वसूल की गई राशि	स्वीकार्य राशि से वसूली का प्रतिशत
वाणिज्यिक कर	689.92	0.78	0.11
भू–राजस्व	128.67	15.16	11.78
पंजीयन तथा मुद्रांक	78.77	10.17	12.91
खनिज संसाधन	233.84	14.51	6.20
परिवहन	95.23	0.36	0.37
राज्य उत्पाद शुल्क	69.51	6.95	9.99
वन	12.23	0.70	5.72
जल संसाधन	1,626.24	0.00	0
ऊर्जा	52.01	2.80	5.38
योग	**2,986.42**	**51.43**	**1.72**

1.10 अभिस्वीकृति

कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा–द्वितीय), मध्य प्रदेश, भोपाल लेखापरीक्षा को आवश्यक जानकारी और अभिलेख उपलब्ध कराने में विभिन्न विभागों द्वारा दिये गये सहयोग को स्वीकार करता है। तथापि, निरंतर अनुसरण के बावजूद, वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा लेखापरीक्षा के लिये वेटीस् आईड्डीस प्रदान नहीं की गई (दिसंबर 2020)।

1.11 महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा आपत्तियाँ

इस प्रतिवेदन में 17 लेखापरीक्षा कंडिकायें सम्मिलित हैं जो कि मध्य प्रदेश सरकार के तीन विभागों के अभिलेखों के नमूना जॉच में ₹ 57.44 करोड़ के कर प्रभाव के साथ पायी गई है।

महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा परिणाम, जो इस प्रतिवेदन में आए, नीचे संक्षेप में दिये गये है:

1.11.1 वाणिज्यिक कर

निर्धारण प्राधिकारियों (नि.प्रा.) द्वारा कर योग्य टर्नओवर का ₹ 32.69 करोड़ कम निर्धारण किया गया। परिणामस्वरूप, ₹ 2.99 करोड़ का कर एवं ₹ 7.43 करोड़ शास्ति का आरोपण नहीं हुआ।

(कंडिका 2.6)

सामाग्रियों को सही वर्गीकृत करने एवं करों की समुचित दरें लगाते समय नि.प्रा., मध्य प्रदेश वैट अधिनियम (म.प्र.वैट एक्ट) के प्रावधानों, नियमों एवं विभागीय परिपत्रों को लागू करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, ₹ 3.19 करोड़ का कर एवं ₹ 3.77 करोड़ शास्ति का कम आरोपण हुआ।

(कंडिका 2.7)

कर की समुचित दर को लगाने में में नि.प्रा., केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के प्रावधानों को लागू करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, ₹ 0.95 करोड़ कर की कम प्राप्ति एवं ₹ 0.88 करोड़ शास्ति का आरोपण नहीं हुआ।

(कंडिका 2.8)

नि.प्रा. ने सामग्रियों जैसे लोहा एवं स्टील, इलेक्ट्रिकल आईटम, पैकिंग सामग्री, ट्रांस्फारमर, पाईप, केमिकल, प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स, सीमेंट शीट, लाईट डीजल ऑयल, विस्फोटक, टाईल्स, सेनिट्री, तेंदूपत्ता, बीड़ी, रेत, गिट्टी, कोयला, तारकोल, रेजिन, घुमावदार तार और स्टील ट्यूब आदि पर उनके स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश पर, प्रवेश कर नहीं लगाया अथवा गलत दर से लगाया। इसके परिणामस्वरूप प्रवेश कर राशि ₹ 1.01 करोड़ प्राप्त नहीं हुआ एवं ₹ 2.06 करोड़ की शास्ति अनारोपित रही।

(कंडिका 2.9)

नि.प्रा. ने बिना सत्यापन एवं इस तथ्य को ध्यान में लिए, कि संबंधित व्यापारियों ने निर्गत कर शासन के खाते में कम जमा किया था, आगत कर छूट अनुमत्य की, जिसके परिणामस्वरूप ₹ 8.88 करोड़ के अधिक आगत कर को मान्य किया गया।

(कंडिका 2.10)

वैट रिटर्न (फार्म–10) में दर्शित आगे ले जाए गए आगत कर का, दावाकृत ट्राजिशनल क्रेडिट से प्रति सत्यापन पर पाया गया कि 369 करदाताओं ने अनियमित रूप से ट्रान–1 में ₹ 11.49 करोड़ का ट्राजिशनल क्रेडिट अग्रेनीत किया, जो वैट रिटर्न में दर्शित आगत कर से अधिक था।

(कंडिका 2.12)

1.11.2 मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस

29 उप पंजीयक (उ.पं.) कार्यालयों द्वारा 113 विलेखों के सम्पत्ति के बाजार मूल्य को प्रभावित करने वाले घटकों पर विचार नहीं किया और इन विलेखों को कलेक्टर ऑफ स्टांप को सम्पत्ति का सही मूल्य निर्धारण एवं इन पर आरोपणीय शुल्क के लिये संदर्भित नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 3.59 करोड़ का मुद्रांक शुल्क एवं ₹ 0.34 करोड़ पंजीयन शुल्क कम आरोपित हुआ।

(कंडिका 3.6)

छः उ.पं. ने बिल्डर/विकासकर्ता द्वारा भूमि के विकास से सबंधित 35 अनुबंधों पर आरोपणीय पंजीयन शुल्क ₹ 1.01 करोड़ के स्थान पर ₹ 50.74 लाख पंजीयन शुल्क आरोपित किया, जिसके परिणामस्वरूप, शासन को ₹ 50.74 लाख की कम प्राप्ति हुई।

(कंडिका 3.8)

10 उ.पं. द्वारा मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस के निर्धारण के लिये, खनन पट्टा विलेखों पर देय रायल्टी की पूरी राशि पर विचार नहीं किया। परिणामस्वरूप, मुद्रांक शुल्क तथा पंजीयन फीस ₹ 5.21 करोड़ की कम प्राप्ति हुई।

(कंडिका 3.10)

1.11.3 भू–राजस्व

उप संभागीय अधिकारियों ने बाजार मूल्य मार्गदर्शिका के अंतर्गत उपबंध एवं शासन की अधिसूचनाओं के प्रावधानों का पालन नहीं किया। इसके परिणामस्वरूप, ₹ 2.89 करोड़ के प्रीमियम का कम आरोपण एवं ₹ 0.05 करोड़ के पंचायत उपकर का अनारोपण हुआ।

(कंडिका 4.4)

चार कलेक्टर्स ने 113 प्रकरणों में, भू–भाटक ₹ 22.54 लाख, प्रीमियम ₹ 35.91 लाख, पंचायत उपकर ₹ 1.86 लाख एवं शास्ति ₹ 130.83 लाख की वसूली किये बिना व्यपवर्तन के आदेश जारी कर दिये। परिणामस्वरूप, ₹ 1.91 करोड़ की राशि वसूली करने के लिये इन कलेक्टरेट्स में लंबित है।

(कंडिका 4.5)

अध्याय – II
वाणिज्यिक कर

मुख्य आकर्षण

सीएजी ने यह लेखापरीक्षा क्यों की

वाणिज्यिक कर विभाग मूल्य संवर्धन कर, प्रवेश कर, केन्द्रीय विक्रय कर और विलासिता, मनोरंजन एवं आमोद कर, जो स्व–निर्धारण व्यवस्था पर आधारित है, का आरोपण एवं संग्रहण करता है।

विभाग वर्ष 2018–19 के दौरान, पुरानी व्यवस्था के मूल्य संवर्धन कर, प्रवेश कर, केन्द्रीय विक्रय कर आदि के ट्रांजेक्शन्स के निर्धारण करने में व्यस्त था और साथ ही नई कर व्यवस्था, माल एवं सेवाओं पर कर, की ओर बढ़ रहा है। इसके अनुरूप, केवल पूर्व कराधान व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारण की लेखापरीक्षा की गई, क्योंकि वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जीएसटी व्यवस्था के अन्तर्गत अभी अंतिम निर्धारण किया जाना है।

लेखापरीक्षा यह निर्धारित करने के दृष्टि से की गई कि क्या :

जीएसटी युग से पहले :

- कर योग्य टर्नओवर की गणना उचित रूप से की गई है और उचित दर से कर लगाया गया है;
- आगत कर छूट (आईटीआर) का उचित रूप से दावा और मान्य किया गया है।

जीएसटी युग लागू होने के पश्चात :

कर निर्धारण प्राधिकारी ने करदाताओं द्वारा ट्रान–1 में दर्ज आईटीसी के रूप में दावे की राशि की सत्यता का सत्यापन किया है।

सीएजी ने क्या पाया

अभिलेखों के नमूना जाँच के दौरान कार्यालय आयुक्त, वाणिज्यिक कर, और 115 अंतर्निहित इकाईयों में से 32 में अधिनियम/नियमों के पालन नहीं करने के निम्नलिखित मामले पाये गये:

जीएसटी युग से पहले:

- *निर्धारण प्राधिकारियों (नि.प्रा.) ने कर योग्य टर्नओवर का कम निर्धारण किया,*
- *नि.प्रा. के सही दर से कर लगाने में असफल होने के परिणामस्वरूप कम कर आरोपण हुआ,*
- *नि.प्रा. के अन्तर्राज्यीय विक्रय के प्रावधानों को लागू करने में असफल होने के परिणामस्वरूप कम कर आरोपण हुआ,*
- *माल के स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर उस पर या तो प्रवेश कर का आरोपण नहीं किया गया या त्रुटिपूर्ण दर से आरोपित किया गया,*
- *नि.प्रा. ने मान्य योग्य आईटीआर के विरूद्ध बढ़ी हुई आईटीआर की राशि को मान्य किया, जिसके परिणामस्वरूप कर की कम वसूली हुई और शास्ति का आरोपण नहीं हुआ।*

जीएसटी युग लागू होने के पश्चात :

- *31 मार्च 2020 को पंजीयन हेतु 4,450 आवेदन लंबित थे।*
- *करदाताओं ने वैट विवरणी में दर्शाये गये आईटीसी से ट्रान–1 में ₹ 11.49 करोड़ का ट्रांजिशनल क्रेडिट अनियमित रूप से अधिक अग्रेषित किया*

2.1 परिचय

वाणिज्यिक कर विभाग, मध्य प्रदेश शासन के लिए उच्चतम राजस्व प्राप्ति लेखांकित करता है। विभाग मध्य प्रदेश मूल्य संवर्धन अधिनियम, 2002 (वैट अधिनियम), केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (सीएसटी अधिनियम), मध्य प्रदेश प्रवेश कर, 1976, मध्य प्रदेश वृत्ति कर, 1995 और मध्य प्रदेश विलासिता, मनोरंजन, आमोद एवं विज्ञापन कर अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत माल एवं सेवाओं पर राजस्व का प्रशासन और संग्रहण करता है। 1 जुलाई 2017 से माल एवं सेवा कर लागू होने के पश्चात, विभाग मध्य प्रदेश माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (जीएसटी अधिनियम) के अन्तर्गत माल एवं सेवाओं पर राजस्व का प्रशासन और संग्रहण करता है।

वणिज्यिक कर विभाग वर्तमान में पूर्व व्यवस्था के मूल्य संवर्धन कर, प्रवेश कर, केन्द्रीय विक्रय कर आदि के कर निर्धारण पूर्ण किये जा रहे है और माल एवं सेवाओं पर कर की नयी कर व्यवस्था की ओर भी अग्रसर है। तदनुसार, केवल पूर्व व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारित प्रकरणों की लेखापरीक्षा की गयी, क्योंकि, वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा जीएसटी व्यवस्था के अन्तर्गत निर्धारणों को अंतिम रूप अभी दिया जाना है। इसलिए, जीएसटी परिवर्तन से संबंधित मुद्दों की तैयारियों को इस अध्याय में सम्मिलित किया गया है।

2.2 कर प्रशासन

प्रमुख सचिव, वाणिज्यिक कर विभाग शासन स्तर पर प्रशासनिक प्रमुख हैं। आयुक्त वाणिज्यिक कर विभाग के प्रमुख हैं और अधिनियम के अन्तर्गत उन्हें आवंटित कार्यों में अतिरिक्त आयुक्त वाणिज्यिक कर, उप आयुक्त (उप.आयु.), सहायक आयुक्त (सहा.आयु), वाणिज्यिक कर अधिकारी (वा.क.अधि.), सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी (स.वा.क.अ.), और वाणिज्यिक कर निरीक्षक सहायता प्रदान करते हैं।

स.वा.क.अ., वा.क.अधि., सहा.आयु. एवं उप.आयु. को प्रकरणों के निर्धारण की शक्ति के साथ निहित किया गया है।

विभाग के अनुक्रम एवं उत्तरदायित्व को नीचे संगठनात्मक संरचना **चार्ट 2.1** में दिया गया है:

चार्ट 2.1: संगठनात्मक व्यवस्था



2.3 प्राप्तियों की प्रवृत्ति

वाणिज्यिक कर विभाग के, विक्रय एवं व्यापार आदि पर कर, माल एवं यात्रियों पर कर, और राज्य माल एवं सेवाओं पर कर, से प्राप्तियों की प्रवृत्ति को **चार्ट 2.2** में नीचे दिया गया है:

चार्ट 2.2: वाणिज्यिक कर से प्राप्ति

(₹ करोड़ में)



स्रोत : मध्य प्रदेश शासन के वित्तीय लेखे

उपरोक्त दिये गये चार्ट से यह देखा जा सकता है कि, राज्य के संपूर्ण राजस्व में वाणिज्यिक कर विभाग के राजस्व का पूर्व के वर्षों में काफी योगदान रहा है। पाँच वर्षों की अवधि 2014–19 के दौरान, वर्ष 2017–18 के दौरान 5.79 प्रतिशत की भारी गिरावट को छोड़कर, वाणिज्यिक कर का राजस्व गति पकड़ने के पहले पूर्व वर्षों की तुलना में वर्ष दर वर्ष बढ़ता रहा है और 2018–19 के दौरान 2017–18 से 14.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही, वर्ष 2016–17 को छोड़कर, विभाग की वास्तविक प्राप्ति किसी भी वर्ष में बजट अनुमान के बराबर नहीं थी। वास्तव में, वर्ष 2017–18 में जीएसटी लागू होने के बावजूद, वर्ष 2018–19 के दौरान इसके प्रभाव से कुल मिलाकर वाणिज्यिक कर प्राप्तियों में बढ़ोत्तरी हुई है, वर्ष 2018–19 में विभाग की राजस्व प्राप्तियाँ बजट अनुमान से 9.44 प्रतिशत कम रही।

2.4 लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

वाणिज्यिक कर विभाग की लेखापरीक्षा जून 2019 एवं मार्च 2020 के मध्य की गई और 2016–17 से 2018–19 तक के तीन वर्ष की अवधि के निर्धारणों को सम्मिलित किया गया। 115[12] में से 32[13] कार्यालयों (03 संभागीय कार्यालयों, 18 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा 11 वृत्त कार्यालयों) का लेखापरीक्षा के लिये चयन, जिनकी लेखापरीक्षा वर्ष 2018–19 में की जानी थी, उनके जोखिम बोध (रिस्क परसेप्शन)[14] के आधार पर, निर्धारणों एवं अन्य अभिलेखों की नमूना जाँच, यह आश्वासन प्राप्त करने के लिये की गई कि, कर, संबंधित अधिनियमों[15], संहिताओं, तथा मैनुअल के अनुसार निर्धारित, आरोपित, संग्रहित एवं लेखांकित किये गये, और शासन के हितों की रक्षा की गयी **(परिशिष्ट I)**। इसके अतिरिक्त, आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग के कार्यालय से भी जानकारी एकत्रित की गई। चयनित किये गये कार्यालयों के निर्धारण प्राधिकारियों (नि.प्रा.) ने 53,373 नियमित (म.प्र.वैट अधिनियम की धारा 20(4) के अन्तर्गत निर्धारित) और डीम्ड निर्धारित प्रकरणों[16]

---

12 16 इकाईयाँ लेखापरीक्षा विषय से संबंधित नहीं थीं।

13 **उप.आयु.वा.क.** भोपाल 2, इन्दौर 2 और जबलपुर 2;
सहा.आयु.वा.क भोपाल 1, भोपाल 5, भोपाल 6, गुना, ग्वालियर 2, इन्दौर 1, इन्दौर 2, इन्दौर 3, इन्दौर 9, इन्दौर 10, जबलपुर 1, जबलपुर 2, कटनी, खण्डवा, मुरैना, पीथमपुर, सागर 1 और सतना 1 तथा
वा.क.अ. अशोक नगर, बैतुल, दमोह, ग्वालियर 4, इन्दौर 1, इन्दौर 8, नीमच, रीवा, सागर, सतना 2 और सीहोर।

14 निहित जोखिम (इनहेरेन्ट रिस्क), धोखाधडी/गबन/हानि के प्रतिवेदित प्रकरणों, आन्तरिक निर्धारण, राजस्व संग्रहण आदि।

15 म.प्र.वैट अधिनियम, 2002, प्रवेश कर अधिनियम, 1976 (प्र.क. अधिनियम), और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (सीएसटी अधिनियम)।

16 विभाग द्वारा इन प्रकरणों की वार्षिक सूची उपलब्ध नहीं करवाई गई। इसलिए, कुल प्रकरणों की संख्या सुनिश्चित नहीं की जा सकी।

(म.प्र. वैट अधिनियम के धारा 20(ए) के अन्तर्गत निर्धारित) जिनका कर निर्धारण 2016–17 से 2018–19 की अवधि के मध्य किया गया था, को लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराया।

लेखापरीक्षा आपत्तियों की, मध्यप्रदेश वैट अधिनियम, 2002, प्रवेश कर अधिनियम, 1976 (प्र.क. अधिनियम), और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम 1956 (के.वि.क. अधिनियम) के प्रावधानों और नियमों एवं निर्देशों, राज्य शासन द्वारा जारी किये गये परिपत्रों/छूट की अधिसूचनाओं तथा न्यायालयों एवं अपीलीय प्राधिकरणों के निर्णयों के मानदंड से तुलना की गयी है।

2.5 लेखापरीक्षा परिणाम

चयनित इकाईयों के कुल 53,373 प्रकरणों में से 18,550 प्रकरणों (34.75 प्रतिशत) की नमूना जाँच में, कर संबंधित अधिनियमों/संहिताओं/मैनुअल्स से विचलन/अनुपालन नहीं करने के कारण, कर का कम आरोपण और अमान्य/अधिक आगत कर छूट एवं शास्ति सहित 801 प्रकरणों में शामिल राशि ₹ 42.65 करोड़ जैसे विविध कारणों के उदाहरण पाये गये, जैसा **तालिका 2.1** में वर्णित है:

तालिका 2.1 : राजस्व प्राप्तियों पर लेखापरीक्षा आपत्तियों की श्रेणियाँ

(₹ करोड़ में)

क्र. स.	श्रेणियाँ	लेखापरिक्षा आपत्तियों की संख्या	राशि
1	टर्नओवर का त्रुटिपूर्ण निर्धारण	96	10.42
2	कर की त्रुटिपूर्ण दर को लगाना	30	6.96
3	के.वि.क. अधिनियम के अन्तर्गत अनियमित छूट प्रदाय करना	13	1.83
4	प्रवेश कर का कम आरोपण या अनारोपण	59	3.07
5	बिना उचित सत्यापन के आगत कर छूट मान्य करना	184	6.27
6	अधिक आगत कर छूट मान्य करना	50	2.61
7	माल एवं सेवाकर अधिनियम (वापसियों एवं ट्रांजिशनल दावों) के अन्तर्गत आपत्तियॉ	369	11.49
	योग	**801**	**42.65**

वैट अधिनियम, प्रवेश कर अधिनियम या के.वि.क. अधिनियम के सात विस्तृत श्रेणियों और मा.से.क. अधिनियम के अन्तर्गत एक कंडिका व्यवसायियों के ट्रांजिशनल क्रेडिट के अलावा पंजीयन से संबधित लेखापरीक्षा आपत्तियों का विस्तृत विवरण आगामी कंडिकाओं में दिया गया है।

विभाग की अन्य इकाईयों में समान अनियमिततायें, त्रुटियाँ अथवा चूक हो सकती हैं, जो, नमूना लेखापरीक्षा में सम्मिलित नहीं हुई हैं। अतः विभाग सभी इकाईयों की जाँच कर यह सुनिश्चित कर सकता है कि करों का आरोपण, अधिनियमों एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार किया गया है।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

2.6 टर्नओवर का त्रुटिपूर्ण निर्धारण

म.प्र. वैट अधिनियम के धारा 2 (जेड) के अनुसार, किसी अवधि के टर्नओवर से तात्पर्य व्यवसायी द्वारा उस अवधि में सामग्रियों के विक्रय, आपूर्ति अथवा वितरण से प्राप्त अथवा प्राप्य कुल विक्रय मूल्य है जिसमें निर्धारित अवधि के भीतर उपरोक्त सामग्री का वापसी मूल्य सम्मिलित नहीं है।

कर योग्य टर्नओवर के निर्धारण हेतु, मध्य प्रदेश वैट अधिनियम के अंतर्गत कुल टर्नओवर में से कर चुका माल का विक्रय मूल्य एवं कर की राशि, यदि सकल विक्रय मूल्य में सम्मिलित है तो, कम की जायेगी। जैसा धारा 2 (एक्स) (तीन) के अन्तर्गत प्रावधान में निहित है, यहाँ, विक्रय के समय की छूट, जैसा बीजक से प्रमाणित होता है, विक्रय मूल्य से घटाया जायेगा, परन्तु, बाद में कार्योत्तर विधि से स्वीकार किये गये छूट, प्रोत्साहन या कमी या पुरस्कार को कम नहीं किया जायेगा। आगे, धारा 2 (दस) (तीन) के अन्तर्गत, संपूर्ण विक्रय मूल्य में सम्मिलित कर की राशि को घटाने के बाद कर योग्य टर्नओवर का निर्धारण किया जायेगा। यह भी प्रावधान है कि यदि संपूर्ण विक्रय मूल्य में कर की राशि सम्मिलित नही है तो घटाने की अनुमति नहीं है।

8,256 निर्धारित प्रकरणों के अभिलेखों की नमूना जाँच में 96 प्रकरणों (73 नियमित निर्धारित और 23 डीम्ड निर्धारित) से प्रकट हुआ कि नि.प्रा. ने **तालिका 2.2** में दिये गये कारणों से राशि ₹ 32.69 करोड़ का कम टर्नओवर निर्धारित किया।

तालिका 2.2 : टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण का विवरण

क्र. स.	विवरण	प्रकरणों की संख्या
1	नि.प्रा. ने विक्रय मूल्य, लाभ और अन्य प्राप्तियों को लेखे में नहीं/कम सम्मिलित करने के कारण टर्नओवर का कम निर्धारण किया	46
2	टर्नओवर निर्धारित करते समय लेखापरीक्षित खातों के आंकड़ों को नहीं अपनाया गया	25
3	अतिरिक्त/त्रुटिपूर्ण कमी मान्य की गई	09
4	नि.प्रा. ने टर्नओवर निर्धारित करते समय क्रय के आंकड़ों पर विचार नहीं किया	10
5	व्यवसायी ने राज्य के बाहर से क्रय को लेखे में सम्मिलित नहीं किया	04
6	नि.प्रा. ने निर्धारित टर्नओवर एवं वैट विवरणियों के टर्नओवर के मध्य अन्तर के कारण को स्पष्ट नहीं किया	01
7	प्रारम्भिक स्टाक में हेरफेर करने के कारण व्यवसायी ने सकल टर्नओवर (जीटीओ) कम निर्धारित किया	01

उपरोक्त प्रकरणों में संबंधित नि.प्रा., निर्धारण के समय, सही कर योग्य टर्नओवर निर्धारित करने में असफल रहे। परिणामस्वरूप, ₹ 2.99 करोड़ कर (₹ 2.46 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.53 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) का कम आरोपण हुआ और म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार निर्धारित कर की तीन गुना न्यूनतम शास्ति ₹ 7.43 करोड़ (₹ 5.87 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 1.56 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) का भी आरोपण नहीं किया गया।

लेखापरीक्षा में इंगित किये जाने पर, 80 प्रकरणों में नि.प्रा. ने बताया कि सत्यापन उपरांत कार्यवाही की जायेगी। 15 प्रकरणों में नि.प्रा. द्वारा उत्तर प्रस्तुत किए गए एवं एक प्रकरण में, नि.प्रा. ने आपत्ति को स्वीकार किया। विवरण, **परिशिष्ट II** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) के दौरान, आयुक्त वा.क.वि. ने बताया कि लेखापरीक्षा में इंगित टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना, प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण एवं अस्वीकार योग्य आगत कर छूट को मान्य करने से संबंधित सभी प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा एवं उन पर की गई कार्यवाही से लेखापरीक्षा को नियत समय से अवगत करवाया जायेगा। तथापि, आयुक्त वा.क.वि.

लेखापरीक्षा में परिमाणित शास्ति की राशि से असहमति जताई और कहा कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

हालांकि यह सत्य है कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है, शासन प्रकरण को पुनः खोलकर और अधिनियम/नियमों/संहिताओं से गैर–अनुपालन/विचलन का परीक्षण कर शास्ति की राशि पर अभिमत व्यक्त करने में सक्षम होगा।

अन्तिम कार्यवाही प्रतीक्षित (दिसम्बर 2020) है।

2.7 त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना

मप्र वैट अधिनियम, सह पठित के.वि.क. अधिनियम और उनके अन्तर्गत जारी किये गये अधिसूचनाओं में, भिन्न–भिन्न वस्तुओं पर आरोपणीय वैट की दर को स्पष्ट किया गया है।

एक संभागीय कार्यालय[17], 11 क्षेत्रीय कार्यालयों[18] और आठ वृत्त कार्यालयों[19] के अभिलेखों के 8,256 प्रकरणों की नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि, 30 व्यवसायियों के 30 प्रकरणों (25 नियमित निर्धारित और पॉच डीम्ड निर्धारित) में, नि.प्रा. ने पीएससीसी पोल, सीमेंट, टायर, वाल पुट्टी, कास्मेटिक, केमिकल, कूलेंट, पेट्रोल, डीजल, वाहन, रॉक फासफेट, बोन सीमेंट पेवर ब्लाक, मुरम और प्लांट एवं मशीनरी, डीजी सेट, कोटा स्टोन और स्लीपर, आदि जो उच्च दरों से कर योग्य थे, पर त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाया गया।

इस प्रकार, नि.प्रा. ने, अधिनियमों, नियमों और विभागीय परिपत्रों के प्रावधानों का, वस्तुओं के सही वर्गीकरण करने और उचित दर से कर लगाने में अनुपालन नहीं किया। परिणामस्वरूप ₹ 3.19 करोड़ (₹ 2.70 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.49 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) वैट एवं उस पर म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अनुसार निर्धारित कर पर संभावित न्यूनतम शास्ति ₹ 3.77 करोड़ (₹ 2.28 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 1.49 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणं) का कम आरोपण किया गया।

प्रकरण वार लेखापरीक्षा आपत्तियों का विवरण और संबंधित नि.प्रा. के उत्तर **परिशिष्ट III** में दिए गए हैं।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) के दौरान, आयुक्त वा.क.वि. ने बताया कि लेखापरीक्षा में इंगित टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना, प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण एवं अस्वीकार योग्य आगत कर छूट को मान्य करने से संबंधित सभी प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा एवं उन पर की गई कार्यवाही से लेखापरीक्षा को नियत समय से अवगत करवाया जायेगा। तथापि, आयुक्त वा.क.वि. लेखापरीक्षा में परिमाणित शास्ति की राशि से असहमति जताई और कहा कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

हालांकि यह सत्य है कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है, शासन प्रकरण को पुनः खोलकर और अधिनियम/नियमों/संहिताओं से गैर–अनुपालन/विचलन का परीक्षण कर शास्ति की राशि पर अभिमत व्यक्त करने में सक्षम होगा।

अन्तिम कार्यवाही प्रतीक्षित (दिसम्बर 2020) है।

---

[17] **उप.आ.वा.क.** इन्दौर 2।

[18] **स.आ.वा.क.** भोपाल 6, गुना, ग्वालियर सभांग 2, इन्दौर 3, इन्दौर 9, जबलपुर 1, जबलपुर 2, कटनी 1, मुरैना, पीथमपुर और सागर।

[19] **वा.क.अ.** अशोकनगर, दमोह, इन्दौर 1, नीमच, रीवा, सागर, सतना 2 और सीहोर।

2.8 केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/ अनियमित रूप से छूट मान्य करना

के.वि.क. अधिनियम उपबंधित करता है कि यदि, अन्तर्राज्यीय विक्रय (वह टर्नओवर का दो प्रतिशत के दर से कर भुगतान के लिए पात्र हो जाता है) पर कर का दावा करने वाला, व्यवसायी क्रेता द्वारा हस्ताक्षरित आवश्यक घोषणा प्रपत्र 'ग' प्रस्तुत करने में असफल होता है, वह संबंधित राज्य के अन्दर उस माल के विक्रय या क्रय पर लगने वाले दर से कर का भुगतान करने का दायी होगा, इसके अत्तिरिक्त, उस प्रकार निर्धारित कर पर शास्ति का भुगतान करेगा। निर्धारण पूर्ण करते समय, नि.प्रा. के लिए यह आवश्यक है कि वह सुनिश्चित करें कि अंतर्राज्यीय व्यापार के दौरान, केवल जारी करने वाले राज्य के संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये वास्तविक और वैधानिक प्रपत्र के आधार पर कर की दर में छूट मान्य करें। अन्यथा, इस प्रकार विक्रय किये गये माल पर म.प्र. वैट अधिनियम में निर्धारित आरोपणीय दर से कर लगेगा।

आगे, के.वि.क. अधिनियम के धारा 6–ए के अन्तर्गत, प्रेषण विक्रय (शाखा अन्तरण) पर वैधानिक प्रपत्र 'च' प्रस्तुत करने पर कर भुगतान से मुक्त होगा। वैधानिक प्रपत्र एवं सहायक अभिलेखों के अभाव में, इस माल पर कर अधिनियम में निर्धारित दर से आरोपणीय है।

इसी प्रकार, पारगमन बिक्री संबंध में, धारा 6(2) उपबंधित करता है कि, जहाँ किसी माल की अन्तर्राज्यीय व्यापार या वाणिज्य के दौरान बिक्री या तो ऐसे माल के एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरण या एक राज्य से दूसरे में अंतरण के दौरान उस माल के मालिकाना अभिलेखों के हस्तांतरण द्वारा प्रभावी, किसी पंजीकृत व्यवसायी को इस माल के अंतरण के दौरान उस माल के मालिकाना अभिलेखों के हस्तांतरण द्वारा प्रभावी कोई बाद में विक्रय, के.वि.क. अधिनियम के अन्तर्गत कर से मुक्त होगा।

इसके अतिरिक्त, विक्रेता व्यवसायियों को कर भुगतान से मुक्ति के दावे के लिए, इस प्रकार के विक्रय के समर्थन में प्रपत्र 'ई–1', 'ई–2' और प्रपत्र 'ग' प्रस्तुत करना आवश्यक है।

3,056 प्रकरणों की नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि, 13 प्रकरणों (12 नियमित निर्धारित और एक डीम्ड निर्धारित) में नि.प्रा. ने के.वि.क. अधिनियम के अंतर्गत अनियमित छूट प्रदान की, जैसा विवरण **तालिका 2.3** में दिया गया है:

तलिका 2.3 : कर का कम आरोपण/अनियमित छूट मान्य करने का विवरण

क्र. स.	लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	प्रकरणों की संख्या
1	नि.प्रा. ने शाखा अन्तरण पर बिना समर्थित या अपूर्ण घोषणा प्रपत्र 'च' पर त्रुटिपूर्ण कटौती मान्य की	03
2	नि.प्रा. ने समर्थित घोषणा प्रपत्र 'ई–1' के बिना त्रुटिपूर्ण कटौती मान्य किया	01
3	नि.प्रा. ने प्रपत्र 'ई–1', व प्रपत्र 'ग' पर त्रुटिपूर्ण कटौती मान्य की जबकि संबंधित व्यवसायी ने प्रपत्र 'ग' पर माल का विक्रय किया था	02
4	नि.प्रा. ने निर्धारण के दौरान कर की अनियमित छूट मान्य की जबकि सकल विक्रय में कर सम्मिलित नहीं था	01
5	नि.प्रा. ने, धारा 10 (घ) के अन्तर्गत प्रपत्र 'ग' के दुरूपयोग पर शास्ति आरोपित नही की	01
6	नि.प्रा. ने 2015–16 के प्रकरण के विरूद्ध अनियमित कटौती मान्य की जबकि लेनदेन 2016–17 से संबंधित था	01
7	नि.प्रा. द्वारा कर की त्रुटिपूर्ण दर लगाई गई	03
8	नि.प्रा. ने प्रत्यक्ष निर्यात के संबंध में समर्थित अभिलेखों के बिना कटौती मान्य की	01

इसके परिणामस्वरूप राशि ₹ 0.95 करोड़ (₹ 0.20 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.75 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) कर की कम वसूली एवं म.प्र.वैट अधिनियम की धारा 21(2) के अतंर्गत ₹ 0.88 करोड़ की संभावित न्यूनतम शास्ति नियमित रूप से निर्धारित प्रकरणों पर आरोपित नहीं की गई, जिसका विवरण **परिशिष्ट IV** में विवरण दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) के दौरान, आयुक्त वा.क.वि. ने बताया कि लेखापरीक्षा में इंगित टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना, प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण एवं अस्वीकार योग्य आगत कर छूट को मान्य करने से संबधित सभी प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा एवं उन पर की गई कार्यवाही से लेखापरीक्षा को नियत समय से अवगत करवाया जायेगा। तथापि, आयुक्त वा.क.वि. लेखापरीक्षा में परिमाणित शास्ति की राशि से असहमति जताई और कहा कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

हालांकि यह सत्य है कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है, शासन प्रकरण को पुनः खोलकर और अधिनियम/नियमों/संहिताओं से गैर–अनुपालन/विचलन का परीक्षण कर शास्ति की राशि पर अभिमत व्यक्त करने में सक्षम होगा।

अन्तिम कार्यवाही प्रतीक्षित (दिसम्बर 2020) है।

2.9 प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण

मध्य प्रदेश प्रवेश कर अधिनियम, 1976 एवं नियम तथा उसके अन्तर्गत जारी किये गये परिपत्र, यह प्रावधानित करते हैं कि स्थानीय क्षेत्र के अन्दर उपभोग, उपयोग या विक्रय के लिए माल के प्रवेश करने पर, निर्धारित दर से प्रवेश कर अरोपणीय होगा।

7,238 निर्धारित प्रकरणों, और संबंधित अभिलेखों जैसे अंकेक्षित लेखें, क्रय सूची आदि की नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि, 59 प्रकरणों (55 नियमित निर्धारित और चार डीम्ड निर्धारित) में नि.प्रा. ने **तालिका 2.4** में दिये गये विवरण अनुसार लोहा एवं स्टील, इलेक्ट्रिकल आईटम, पैकिंग सामग्री, ट्रांसफार्मर, पाईप, केमिकल, प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स, सीमेंट सीट, लाईट डीजल ऑयल, विस्फोटक, टाईल्स, सेनिट्री, तेंदूपत्ता, बीड़ी, रेत, गिट्टी, कोयला, तारकोल, रेजिन, घुमावदार तार और स्टील पाईप आदि जैसी वस्तुओं पर उनके स्थानीय क्षेत्र में प्रवेश करने पर या तो प्रवेश कर आरोपित नहीं किया गया अथवा त्रुटिपूर्ण दरों से आरोपित किया गया।

तालिका 2.4 : प्रवेश कर के कम अरोपण/अनारोपण का विवरण

क्र. स.	लेखापरीक्ष आपत्तियाँ	प्रकरणों की संख्या
1	नि.प्रा. ने कर की न्यून दर लगाई	23
2	नि.प्रा. ने अधिक और अनियमित कटौती मान्य की	18
3	नि.प्रा. ने सकल टर्नओवर कम निर्धारित किया	23
4	नि.प्रा. ने धारा 7 के अन्तर्गत प्रवेश कर एवं शास्ति नहीं लगाई	04
	योग	**68**[20]

अतः, इन सभी प्रकरणों में, संबंधित नि.प्रा. द्वारा कर की सही दर नहीं लगाई गई। परिणामस्वरूप, प्रवेश कर राशि ₹ 1.01 करोड़ (₹ 0.98 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.03 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) का कम आरोपण और म.प्र. वैट अधिनियम की

[20] यद्यपि 59 प्रकरणों की जाँच की गई और उन पर टिप्पणी दर्ज की गई, नौ प्रकरणों में विविध प्रकार की आपत्तियाँ सम्मिलित थी। अतः, यहाँ योग 59 से भिन्न है।

धारा 21(2) के अनुसार संभावित न्यूनतम शास्ति ₹ 2.06 करोड़ (₹ 1.97 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.09 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) का भी आरोपण नहीं हुआ।

इन्हें इंगित किये जाने पर, 52 प्रकरणों में नि.प्रा. ने बताया कि सत्यापन पश्चात कार्यवाही की जायेगी और शेष सात प्रकरणों में लेखापरीक्षा को उत्तर प्रस्तुत किया गया। लेखापरीक्षा आपत्तियों एवं संबंधित नि.प्रा. के उत्तर का विवरण **परिशिष्ट V** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) के दौरान, आयुक्त वा.क.वि. ने बताया कि लेखापरीक्षा में इंगित टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना, प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण एवं अस्वीकार योग्य आगत कर छूट को मान्य करने से संबंधित सभी प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा एवं उन पर की गई कार्यवाही से लेखापरीक्षा को नियत समय से अवगत करवाया जायेगा। तथापि, आयुक्त वा.क.वि. लेखापरीक्षा में परिमाणित शास्ति की राशि से असहमति जताई और कहा कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

हालांकि यह सत्य है कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है, शासन प्रकरण को पुनः खोलकर और अधिनियम/नियमों/संहिताओं से गैर–अनुपालन/विचलन का परीक्षण कर शास्ति की राशि पर अभिमत व्यक्त करने में सक्षम होगा।

अन्तिम कार्यवाही प्रतीक्षित (दिसम्बर 2020) है।

2.10 अस्वीकार योग्य आगत कर छूट (आईटीआर) को मान्य करना

म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 14 के अनुसार, जब एक पंजीकृत व्यवसायी, ऐसे किसी अन्य व्यवसायी से आगत कर छूट के भुगतान के बाद मध्य प्रदेश राज्य के अन्दर अनुसूची दो में निर्धारित उस सूची के भाग तीन और भाग तीन क में निर्धारित वस्तुओं के अतिरिक्त, कोई वस्तु क्रय करता है, वह ऐसे आगत कर छूट की धनराशि को ऐसे विधि से ऐसे अवधि के अन्दर जैसा निर्धारित किया गया है, का दावा कर सकता है या मान्य होगा।

म.प्र. वैट अधिनियम के नियम 9 के अन्तर्गत, यदि देयक, बीजक या नकद ज्ञापन में विक्रय करने वाले पंजीकृत व्यवसायी द्वारा संग्रहित कर की धनराशि को पृथक से नही दर्शाया है तो आगत कर छूट का ना तो दावा कर सकता है अथवा मान्य किया जायेगा।

आगे, म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 18, सहपठित नियम 21(9), प्रावधानित करता है कि, कोई बात इन नियमो के विपरीत निहित होने के बावजूद, कोई विवरणी पूर्ण नही होगी जब तक क्रय और विक्रय का विवरण, जैसा कि निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक था, प्रपत्र– 10, प्रपत्र 10.1 या प्रपत्र 10.2, जैसा प्रकरण हो, विवरणी में प्रस्तुत किया गया हो।

म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 14(6–क) में प्रावधानित है कि, कोई बात इन धाराओं के विपरीत निहित होने के बावजूद, किसी प्रकरण में किसी क्रय पर आगत कर छूट की राशि, इस प्रकार के क्रय किये गये माल के संबंध में अधिनियम के अन्तर्गत वास्तव में शासकीय कोषालय में भुगतान किये गये कर की राशि से अधिक नहीं होगी।

आयुक्त वाणिज्यिक कर ने, सभी वृत्त कार्यालयों को परिपत्र क्रमांक 147/2014–15/30/पन्द्रह/667 दिनांक 21 अगस्त 2014 द्वारा निर्देश भी जारी किये थे कि क्रेता व्यवसायी को आगत कर छूट मान्य करने के पूर्व राशि के अन्तर का समाधान कर लें।

2.10 (अ) उचित सत्यापन के बिना आगत कर छूट को मान्य करना

1,087 निर्धारित प्रकरणों एवं संबंधित अभिलेखों जैसे क्रय सूची, वेटिज सॉफ्टवेयर प्रतिवेदन 75–76[21] आदि के नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि 184 प्रकरणों (101 नियमित निर्धारित और 83 डीम्ड निर्धारित) में, नि.प्रा. ने ₹ 6.27 करोड़ (₹ 3.55 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 2.72 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरण) अधिक आ.क.छूट बिना तथ्य पर विचार किये कि संबधित विक्रेता व्यवसायियों ने शासकीय लेखे मे निर्गत कर कम जमा किया, मान्य किया।

लेखापरीक्षा आपत्तियों और संबंधित नि.प्रा. के उत्तर का विवरण **परिशिष्ट VI** में दिया गया है।

विभाग ने उत्तर (अगस्त 2020) दिया कि आगत कर में छूट नि.प्रा. द्वारा क्रय देयकों, क्रय देयको में पृथक से चार्ज वैट, एम.आई.एस. मिसमेच प्रतिवेदन 75 एवं 76 के पूर्ण सत्यापन के पश्चात मान्य किया जाता है। अनेक अवसरों पर, व्यवसायी द्वारा टिन या फर्म के नाम के त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि या विक्रेता व्यवसायी द्वारा विक्रय के विवरण प्रस्तुत नहीं करने के कारण, अन्तर की स्थिति उत्पन्न होती है। ऐसे प्रकरणों में, संबंधित नि.प्रा. क्रय संबंधित सभी दस्तावेजों के सूक्ष्म सत्यापन के पश्चात आगत कर में छूट को मान्य करता है। क्रेता व्यवसायियों के पक्ष में अनेक न्यायिक निर्णय दिये गये हैं। अतः केवल एम.आई.एस. प्रतिवेदन 75 एवं 76 में अन्तर के आधार पर आगत कर में छूट मान्य नहीं किये जाने की आपत्ति उचित नहीं है।

विभाग का उत्तर स्वीकार करने योग्य नहीं है क्योंकि संबंधित नि.प्रा. ने धारा 14 (6–अ) सहपठित नियम 9–अ के प्रावधानों और आयुक्त वाणिज्यिक कर द्वारा जारी किये गये परिपत्र क्रमांक 147/2014–15/30/पन्द्रह/667 दिनांक 21 अगस्त 2014 का अनुसरण नहीं किया, एवं नि.प्रा. ने संबंधित व्यवसायियों को आगत कर में छूट मान्य करते समय अन्तर के आँकड़ों का समाधान नहीं किया।

2.10 (ब) प्रावधान के विरूद्ध अधिक आगत जमा मान्य किया जाना

8,256 प्रकरणों के नमूना जाँच में प्रकट हुआ कि 50 निर्धारित प्रकरणों (43 नियमित निर्धारित और सात डीम्ड निर्धारित) में **तालिका 2.5** के अनुसार नि.प्रा. ने उच्च आगत कर छूट मान्य किया।

तालिका 2.5 : अधिक आगत जमा मान्य किये का विवरण

क्र. स.	लेखापरीक्षा आपत्तियाँ	प्रकरणों की संख्या
1	नि.प्रा. ने क्रय सूची एवं अंकेक्षित लेखे पर विचार किये बिना अधिक आगत कर छूट मान्य की	16
2	नि.प्रा. ने प्रावधान के विरूद्ध आगत कर छूट मान्य की	16
3	नि.प्रा. ने आगत कर छूट के नहीं/कम रिवर्सल और रिवर्सल राशि की त्रुटिपूर्ण गणना के कारण अधिक आगत कर छूट मान्य की	12
4	नि.प्रा. ने राज्य के बाहर से क्रय पर आगत कर छूट मान्य की	01
5	नि.प्रा. ने अनियमित बीजको पर आगत कर छूट मान्य की	03
6	नि.प्रा. ने ऐसे क्रय पर आगत कर छूट मान्य की, जिसके व्यवसायी अपंजीकृत थे	02

[21] विभागीय प्रयोगी प्रतिवेदन जिसमें मप्र वेट अधिनियम की धारा 18 के प्रावधान के अनुसार व्यवसायी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक विवरणी के साथ में प्रस्तुत क्रय और विक्रय की सूची से क्रय एवं विक्रय का विश्लेषित एवं संग्रहित डाटा होता है।

अतः, उपरोक्त प्रकरणों में, नि.प्रा. सही आगत कर छूट निर्धारण करने में विफल रहे। परिणामस्वरूप, ₹ 1.11 करोड़ (₹ 1.03 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.08 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) अमान्य आगत कर छूट मान्य किया और म.प्र. वैट अधिनियम की धारा 21(2) के संभावित न्यूनतम शास्ति ₹ 1.50 (₹ 1.39 करोड़ नियमित निर्धारित एवं ₹ 0.11 करोड़ डीम्ड निर्धारित प्रकरणों) का आरोपण नही किया गया।

लेखापरीक्षा आपत्तियों, संबंधित नि.प्रा. का उत्तर और उस पर लेखापरीक्षा की टिप्पणियों का विवरण **परिशिष्ट VII** में दिया गया है।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) के दौरान, आयुक्त वा.क.वि. ने बताया कि लेखापरीक्षा में इंगित टर्नओवर के त्रुटिपूर्ण निर्धारण, त्रुटिपूर्ण दर से कर लगाना, केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर का कम आरोपण/अनियमित रूप से छूट मान्य करना, प्रवेश कर का अनारोपण/कम आरोपण एवं अस्वीकार योग्य आगत कर छूट को मान्य करने से संबधित सभी प्रकरणों को पुनः खोला जायेगा एवं उन पर की गई कार्यवाही से लेखापरीक्षा को नियत समय से अवगत करवाया जायेगा। तथापि, आयुक्त वा.क.वि. लेखापरीक्षा में परिमाणित शास्ति की राशि से असहमति जतायी और कहा कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है।

हालांकि यह सत्य है कि शास्ति चूक की प्रकृति पर निर्भर करती है, शासन प्रकरण को पुनः खोलकर और अधिनियम/नियमों/संहिताओं से गैर–अनुपालन/विचलन का परीक्षण कर शास्ति की राशि पर अभिमत व्यक्त करने में सक्षम होगा।

अन्तिम कार्यवाही प्रतीक्षित (दिसम्बर 2020) है।

2.11 माल एवं सेवा कर में परिवर्तन के लिए तैयारी

नए करदाताओं का पंजीयन

मध्य प्रदेश जीएसटी नियम, 2017 के नियम 9 के अनुसार, जीएसटी के तहत नए व्यवसायियों का पंजीकरण आवेदन प्राप्त होने के तीन कार्य दिवस के भीतर किया जाना था। जीएसटी के तहत व्यवसायियों के नए पंजीकरण 31 मार्च 2020 की स्थिति **तालिका 2.6** में दी गई है:

तालिका 2.6 : नए करदाताओं का पंजीयन

31 मार्च 2020 तक प्राप्त आवेदन	निरस्त किए गए आवेदनों की संख्या	स्वीकृत आवेदनों की संख्या	पंजीकरण के लिए लंबित आवेदनों की संख्या
3,24,916	60,487	2,59,979	4,450

स्रोत : राज्य कर विभाग द्वारा प्रदत्त जानकारी

उपरोक्त तालिका इंगित करती है कि 18.62 प्रतिशत आवेदन निरस्त किए गए। यद्यपि, विभाग द्वारा आवेदन के निरस्तीकरण के कारण नहीं दिए गए। आवेदनों के लंबित होने के सबंध में, विभाग ने उत्तर (सितम्बर 2020) दिया कि पंजीकरण का जारी किया जाना, निरस्तीकरण और पंजीकरण का निरसन एक निरन्तर प्रक्रिया है। विभाग का उत्तर स्वीकार्य नही है क्योंकि नये व्यवसायियों के पंजीयन में देरी हुई थी।

आगे, यह सूचित (अक्टूबर 2020) किया गया कि जीएसटी के कार्यान्वयन के बाद, राज्य और केन्द्र के बीच नए करदाताओं का आवंटन, जीएसटीएन द्वारा स्वचालित रूप से सीबीआईसी द्वारा जारी किए गए विभिन्न परिपत्रों के अनुपालन में किया गया था।

2.12 आगत कर क्रेडिट का दावा एवं स्वीकृति

मध्य प्रदेश जीएसटी अधिनियम की धारा 140 के अनुसार, एक पंजीकृत करदाता 30 जून 2017 तक उसको उपलब्ध, वैट के क्रेडिट को आगे ले जाने के लिए हकदार थे। इस प्रकार के कर क्रेडिट का पंजीकृत व्यक्ति द्वारा दावा, म.प्र.जीएसटी नियमों के नियम 117 के तहत, निर्धारित फार्म ट्रान–1 में घोषणा दर्ज करके किया जा सकता है। इस घोषणा को दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 दिसंबर 2017 थी, जिसे मार्च 2020 तक बढ़ाया गया था। इसके पश्चात, कर निर्धारण अधिकारी के लिए यह आवश्यक था कि वह करदाता द्वारा ट्रान–1 में दावा की गई आगत कर केडिट राशि की यथार्थता का सत्यापन करे। विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, 30,773 करदाताओं ने ट्रान–1 दायर किया था और उसमें ₹ 3,893.55 करोड़ के ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया गया था।

लेखापरीक्षा द्वारा, 15 कार्यालयों[22] के 3,969 प्रकरणों में से 1,366 प्रकरण की नमूना जाँच (जुलाई 2019 से मार्च 2020 के मध्य) की गई, जहाँ ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया गया था एवं एसजीएसटी के रूप में अग्रेषित किया गया। करदाताओं द्वारा अप्रैल 2017 से जून 2017 की अवधि के लिए जमा किए गए वैट रिटर्न (फार्म 10) मे दर्शाये गये आगत कर जमा से प्रतिसत्यापन करने पर प्रकट हुआ कि उसमें से 369 करदाताओं द्वारा अनियमित रूप से ट्रान में, वैट रिर्टन में दर्ज अग्रेषण से ₹ 11.49 करोड़ अधिक का ट्रांजिशनल क्रेडिट का दावा किया गया **(परिशिष्ट VIII)**।

निर्गम सम्मेलन (अगस्त 2020) में आयुक्त वाणिज्य कर द्वारा बताया गया कि जीएसटी लागू होने के पश्चात् जिन व्यवसायियों द्वारा ट्रान–1 प्रस्तुत किए गए थे, उन्हें शासन द्वारा जारी की गई स्व–निर्धारण एवं डीम्ड योजना का लाभ नहीं दिया गया, अतः जिन व्यवसायियों द्वारा आगत जमा का दावा किया गया है उनका मिलान एवं सत्यापन वर्ष, 2017–18 के वैट के कर निर्धारण के समय किया जाएगा। वर्तमान में, वर्ष 2017–18 की प्रथम तिमाही के कर निर्धारण की प्रक्रिया का कार्य चल रहा है। कर निर्धारण के समय ट्रान–1 में अग्रेषित राशि का सत्यापन किया जाएगा।

आयुक्त, वाणिज्यिक कर द्वारा यह भी बताया गया कि लेखापरीक्षा द्वारा जिन 372 प्रकरणों में आपत्ति ली गई है उनके सत्यापन का कार्य संबंधित वृत्त द्वारा किया जा रहा है और वृत्त कार्यालयों से प्राप्त सूचना अनुसार, 88 प्रकरणों में सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें कोई अनियमितता नहीं पाई गई; अन्य प्रकरणों में वृत्त कार्यालयों से जानकारी प्राप्त की जा रही थी। यद्यपि, इन 88 प्रकरणों का विवरण विभाग द्वारा प्रदाय नहीं किया गया।

आयुक्त वाणिज्यिक कर के दावे के विपरीत, नि.प्रा. के उत्तर निम्न है–

1. व.क.अ, वृत्त बैतूल द्वारा 9 प्रकरणों में ₹ 25.69 लाख की वसूली सूचित (अगस्त 2020) की गई, एवं बताया कि 12 प्रकरण जिसमें ₹ 15.70 लाख आपत्ति की राशि सम्मिलित है, ₹ 7.13 लाख का जमा मान्य किया जाना सही पाया गया है, और शेष राशि हेतु कार्यवाही जारी थी।

2. स.आयु.वा.क. मुरैना द्वारा सूचित (अगस्त 2020) किया गया कि, 80 आपत्तियों के प्रकरण जिसमें राशि ₹ 1.68 करोड़ सम्मिलित है, में से 8 प्रकरणों की समीक्षा की गई एवं दो प्रकरणों में ₹ 5.98 लाख के माँग पत्र जारी किए गए। 12 प्रकरणों में कर निर्धारण की प्रक्रिया जारी थी। यद्यपि, उत्तर के समर्थन में कोई अभिलेख/साक्ष्य नहीं दिए गए।

---

[22] **क्षेत्रीय कार्यालय (4)** भोपाल 6, इन्दौर 10, मुरैना और रीवा।
वृत्त कार्यालय (11) अशोकनगर, बैतूल, दमोह, गुना, ग्वालियर 4, इन्दौर 1 इन्दौर 8, नीमच, सागर, सतना 2 और सीहोर।

3. वा.क.अ., सागर, गुना एवं ग्वालियर IV द्वारा सूचित (अगस्त एवं सितम्बर 2020) किया गया कि आपत्तिगत प्रकरणों का कर निर्धारण प्रकियाधीन/लंबित है और आगत कर छूट/जमा के अग्रेषण का परीक्षण नियमित कर निर्धारण के समय किया जाएगा।

4. स. आयु. वा.क. वृत्त VI भोपाल एवं वा.क.अ. वृत्त VIII इंदौर द्वारा सूचित (अगस्त एवं सितम्बर 2020) किया गया कि, करदाताओं के दावा किए गए आगत कर छूट राशि के सत्यापन के लिए अलग से दिशा–निर्देश प्राप्त नहीं हुए थे।

5. स. आयु. वा.क वृत्त रीवा द्वारा सूचित (सितम्बर 2020) किया गया कि प्रकरणों की जाँच की गई एवं 4 प्रकरणों में ₹ 42.17 लाख के मांग पत्र जारी किए गए।

आगे, जैसा कि आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग का तर्क था कि विभाग द्वारा 88 प्रकरणों में सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया था जहाँ कोई विसंगति नहीं पाई गई, यह निर्धारण अधिकारियों से प्राप्त उत्तर और त्रूटिपूर्ण दावा के लिये माँग पत्र जारी होना और आगत कर जमा की स्वीकृति के संदर्भ में सही नहीं था, जैसा की ऊपर इंगित हैं।

लेखापरीक्षा में सत्यापन के लिए आगामी सूचना प्रतीक्षित है (दिसम्बर 2020)।

2.13 लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड का प्रदाय नहीं किया जाना

वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) के संग्रह के स्वचालन होने से, अभिलेखों के सत्यापन के, भारत के नियंत्रक–महालेखापरीक्षक के संवैधानिक दायित्वों की पूर्ति के लिए लेखापरीक्षा को नमूना जाँच से लेकर सभी लेन देन की व्यापक जाँच आवश्यक है। आंकड़ों की आवश्यक पहुँच अभी प्रदान किया जाना है। जीएसटी लेनेदेन से संबंधित आंकड़ों तक पहुँच नहीं होने से जीएसटी प्राप्तियों की व्यापक रूप से लेखापरीक्षा होने में बाधा आ रही है। इसलिये, केवल जीएसटी में परिवर्तन के लिए तैयारियों से संबंधित मुद्दों की लेखापरीक्षा में जाँच की गई।

अध्याय – III
मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस

मुख्य आकर्षण

सीएजी ने यह लेखापरीक्षा क्यों की

मध्य प्रदेश मे मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस से प्राप्तियाँ भारतीय मुद्रांक (भा.मु.) अधिनियम 1899, पंजीकरण अधिनियम 1908, मध्य प्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्वान्तों का बनाया जाना और उनका पुनरीक्षण नियम, 2000 एवं राज्य शासन द्वारा जारी अधिसूचनाएं/आदेशों द्वारा विनियमित किया जाता है।

गैर–न्यायिक मुद्रांक के माध्यम से एकत्रित शुल्क अथवा फीस के अतिरिक्त मुद्रांक शुल्क भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची मे समाहित एक विषय है।

लेखापरीक्षा यह आंकलन करने के दृष्टिकोण से की गई थी कि क्या मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस अधिनियमों, संहिताओं और नियमावली के अनुसार आरोपित, एकत्रित, लेखांकित किए गये एवं शासन के हितों की रक्षा हुई।

सीएजी को क्या मिला

कार्यालय महानिरीक्षक पंजीयन एवं 234 में से 33 उप पंजीयक कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान, लेखापरीक्षा ने पाया :

- *भूमि और भवनों के बाजार मूल्य के अवमूल्यांकन, एवं गलत दर से मुद्रांक शुल्क लगाये जाने के कारण मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस की कम प्राप्ति,*
- *भूमि के विकास से संबंधित अनुबंधों पर पंजीयन फीस की कम प्राप्ति,*
- *उचित शुल्क के निर्धारण के लिए सम्पदा साफ्टवेयर में अपर्याप्त नियन्त्रण के परिणामस्वरुप नगर पालिका शुल्क की कम प्राप्ति, एवं*
- *खनिज पट्टों के अन्तर्गत देय या परिदेय रायल्टी की संपूर्ण राशि को विचार में नहीं लाने के परिणामस्वरूप मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस की कम प्राप्ति।*

इन कमियों मे कुल ₹ 9.94 करोड़ का राजस्व प्रभाव शामिल है।

3.1 परिचय

पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग मध्य प्रदेश शासन के प्रमुख राजस्व अर्जित करने वाले विभागों में से एक है। इसे दस्तावेजों के पंजीयन का काम सौपा गया है एवं सामान्य जनता द्वारा विभिन्न दस्तावेजों/विलेखों के पंजीयन पर मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस के निर्धारण एवं एकत्रिकरण के लिए जिम्मेदार है। विभाग भारतीय मुद्रांक (भा.मु.) अधिनियम, 1899 और पंजीयन अधिनियम, 1908, जैसा समय–समय पर संशोधित किए गए हैं और इनके अधीन बनाए गए नियमों के प्रशासन को भी लागू करता है।

3.2 कर प्रशासन

शासन स्तर पर प्रमुख सचिव राजस्व विभाग का प्रमुख होता है। महानिरीक्षक, पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक (म.नि.प.), पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के प्रमुख हैं और जिनकी एक संयुक्त महानिरीक्षक पंजीयन एवं उप महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा सहायता की जाती है। विभाग की संगठनात्मक संरचना, विभिन्न स्तरों पर कार्यों के साथ, नीचे **चार्ट 3.1** में दशाई गई है:

चार्ट 3.1 : संगठनात्मक संरचना



3.3 राजस्व की प्रवृति

अवधि 2015–16 से 2018–19 के दौरान मुद्रांक शुल्क (मु.शु.) एवं पंजीयन फीस (पं.फी.) से वास्तविक प्राप्तियाँ, नीचे **चार्ट 3.2** में दी गई हैं :

चार्ट 3.2 : मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)



स्रोतः मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे

उपरोक्त चार्ट से देखा जा सकता हैं कि, मुद्रांक शुल्क (मु.शु.) एवं पंजीयन फीस (पं.फी.) के माध्यम से राजस्व संग्रह 2015–16 से 2018–19 की अवधि के दौरान साल–दर–साल लगातार बढ़ा है, चार साल की अवधि में यह वृद्धि 36.46 प्रतिशत रही। यद्यपि, 2015–16 का राजस्व संग्रहण पूर्व वर्ष की तुलना में नाममात्र कम (0.64 प्रतिशत) हुआ। 2014–19 के दौरान वार्षिक वृद्धि के बावजूद, 2017–18 को छोड़कर, इस अवधि के दौरान वास्तविक प्राप्तियाँ किसी भी वर्ष में बजटीय अपेक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं। 2017–18 के दौरान, मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस से प्राप्तियाँ बजटीय अपेक्षाओं (**₹** 4,300 करोड़) से **₹** 488.51 करोड़ (**₹** 4,788.51 करोड़) से बढ़ीं हैं।

विभाग ने, 2017–18 के दौरान कर चोरी के प्रकरणों की पहचान पश्चात राजस्व की प्राप्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत की वृद्धि और ई–पंजीकरण सॉफ्टवेयर की निरंतर निगरानी, जिससे पंजीयन का समय कम हुआ एवं नगर पालिका शुल्क जनवरी 2018 में दो से तीन फीसदी वृद्धि को, जिम्मेदार बताया।

3.4 लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

पंजीयन और मुद्रांक विभाग की लेखापरीक्षा अगस्त – दिसंबर 2019 के दौरान राज्य में 234 उप–पंजीयक कार्यालयों में से 33[23] (14.10 प्रतिशत) में संबंधित अभिलेख एवं लेनदेन के आँकडों के परीक्षण के माध्यम से यह आश्वासन पाने के लिए की गई थी, कि मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस संबंधित अधिनियमों, संहिताओं और नियमावली के अनुसार आरोपित, एकत्रित और लेखांकन किया गया था एवं शासन के हितों की रक्षा हुई। लेखापरीक्षा अवधि के दौरान इन 33 इकाइयों मे विभाग के कुल राजस्व

[23] बदनावर (धार), बटियागढ, (दमोह), बेतूल, भिण्ड, भोपाल, देवास, धार, धरमपुरी (धार), गंजबासोदा (विदिशा), ग्वालियर 1, हरदा, इन्दौर 1, इन्दौर 2, इन्दौर 4, जबलपुर 2, केवलारी (सिवनी), खण्डवा, मुरैना, नागदा, निवाडी (टीकमगढ), ओबेदुल्लागंज (रायसेन), रघुराजनगर (सतना), राजनगर (छतरपुर), रतलाम, सागर, सौंसर (छिन्दवाडा), शाजापुर, शिवपुरी, सीधी, सिलवानी (रायसेन), सोहागपुर (शहडोल), सोनकच्छ (देवास) एवं विजयराघवगढ (कटनी)।

₹ 13,991.94 करोड़ में से ₹ 5,349.96 करोड़ (लगभग 38.23 *प्रतिशत*) का राजस्व लेखांकित था। इन इकाईयों का चयन जोखिम बोध (रिस्क परसेप्शन) के आधार पर चयनित किया गया था, जिसमें निहित जोखिम (इनहेरेन्ट रिस्क), राजस्व संग्रहण, हानि/ धोखाधड़ी/गबन प्रकरणों और आंतरिक मूल्यांकन आदि के मामले शामिल थे। इसके अतिरिक्त, खनन संसाधन विभाग के तहत कुल 52 जिला खनिज कार्यालयों में से 27[24] जिला खनिज कार्यालयों (डी.एम.ओ.) द्वारा निष्पादित खनन पट्टों के अनुबंधों की भी नमूना जाँच यह आश्वासन प्राप्त करने के लिए की गई थी कि खनन अनुबंधों को उप पंजीयकों द्वारा विधिवत पंजीकृत और मुद्रांकित किया गया था।

लेखापरीक्षा ने तीन साल की अवधि 2016–2019 के दौरान विभाग के लेनदेन को अच्छादित किया। भारतीय मुद्रांक शुल्क अधिनियम 1899, पंजीकरण अधिनियम 1908, महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा जारी बाजार मूल्य मार्गदर्शक, मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 और समय–समय पर राज्य शासन/महानिरीक्षक पंजीयन द्वारा जारी किए गए विभिन्न परिपत्र और आदेशों के मानदंडों के विरुद्व लेखापरीक्षा निष्कर्षों को निर्धारित किया गया था।

3.5 लेखापरीक्षा परिणाम

अगस्त 2015 के बाद से एक कम्प्यूटरीकृत प्रणाली "सम्पदा" के माध्यम से दस्तावेजों का पंजीयन और मुद्रांकन ऑनलाइन किया जा रहा है। राज्य में कहीं भी स्थित संपत्ति का मूल्यांकन, विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों पर प्रभार्य मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस की गणना, और उप पंजीयक (उ.पं.) के कार्यालयों में स्लॉट बुकिंग जैसी सुविधाएँ सम्पदा प्रदान करता है।

पंजीकृत दस्तावेजों की लेखापरीक्षा सम्पदा सॉफ्टवेयर के माध्यम से की गई। यद्यपि, इकाई स्तर पर राजस्व के मानवीय संग्रहण से संबंधित बुनियादी दस्तावेज, जैसे कि कैश बुक, फीस बुक, चालान बुक, आदि का परीक्षण किया गया। चयनित इकाईयों में कुल 5,77,343 दस्तावेज पंजीकृत थे, जिनमें से 24,307 की नमूना जाँच पेशेवर निर्णय के आधार पर की गई थी।

लेखापरीक्षा के समापन पर, लेखापरीक्षा निष्कर्ष शासन को अग्रेषित किए गए थे (फरवरी 2020)। जबकि विभाग ने अगस्त 2020 में जवाब प्रेषित किया था, शासन स्तर पर निर्गम सम्मेलन नहीं किया जा सका।

लेखापरीक्षा द्वारा, मुद्रांक शुल्क (मु.शु.) और/अथवा पंजीयन फीस (प.फी.) के कम आरोपण के 220 प्रकरण प्रकाश में लाये गये, जिसमें ₹ 9.94 करोड़ की राशि शामिल है, विवरण **तालिका 3.1** में दिया गया है:

तलिका 3.1: मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस प्राप्तियों पर लेखापरीक्षा आपत्तियों की श्रेणियाँ

(₹ करोड़ में)

क्र. स.	लेखापरीक्षा टिप्पणियों की श्रेणी	विचलन की संख्या	राशि
1	सम्पतियों का न्यून मूल्यांकन	113	3.93
2	त्रुटिपूर्ण दर से मुद्रांक शुल्क लगाया जाना	3	0.12
3	पंजीयन फीस का कम आरोपण	35	0.51

[24] अलीराजपुर, अनूपपुर, भोपाल, बुरहानपुर, छतरपुर, छिन्दवाडा, दमोह, देवास, डिन्डोरी, ग्वालियर, हरदा, होशंगाबाद, इन्दौर, कटनी, खरगौन, मुरैना, नरसिंहपुर, राजगढ, रतलाम, रीवा, सागर, सतना, शाजापुर, शहडोल, शिवपुरी, सीधी एवं उज्जैन।

4	संशोधित दर का लागू नहीं किया जाना	44	0.17
5	पट्टा अनुबंधों के तहत देय या परिदेय रायल्टी की सम्पूर्ण राशि पर शुल्क/फीस आरोपण नहीं करना	25	5.21
योग		**220**	**9.94**

मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस के अंतर्गत लेखापरीक्षा आपत्तियों की पाँच व्यापक श्रेणियाँ जो ऊपर सूचीबद्ध हैं, की चर्चा अनुगामी कंडिकाओं में की गई है। विभाग के अधीन अन्य इकाइयों में समान अनियमितताएँ, त्रुटियाँ/चूक हो सकती हैं, लेकिन नमूना जाँच मे शामिल नहीं की गई हैं। इसलिए, विभाग सभी इकाईयों का परीक्षण यह सुनिश्चित करने के लिए कर सकता है कि कर अधिनियमों एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार कर आरोपित किए गये हैं।

विभाग ने अपने उत्तर में 13 मामलों में शुल्क/फीस का कम आरोपण स्वीकार किया है और ₹ 57.59 लाख की वसूली की है।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

3.6 संपत्तियों के न्यून मूल्यांकन के कारण मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस का कम आरोपण

भारतीय मुद्रांक (भा.मु.) अधिनियम, 1899 की धारा 47–ए के अन्तर्गत, यदि पंजीयन अधिकारी, किसी विलेख के पंजीयन के समय यह पाता है कि किसी सम्पति का निर्धारित बाजार मूल्य उस बाजार मूल्य से कम है जो बाजार मूल्य गाईडलाईन (बा.मु. गा.) मे दर्शाया गया है, तो उसे ऐसे विलेख को पंजीयन के पूर्व ऐसी सम्पत्ति के सही बाजार मूल्य और उस पर आरोपणीय शुल्क के निर्धारण के लिए मुद्रांक एवं संग्राहक को संदर्भित करना चाहिए।

33 उप पंजीयक कायालयों के 21,958 पंजीकृत विलेखों की नमूना जाँच में पाया कि, 29 उप पंजीयक कायालयों में पंजीकृत 113 विलेखों में, बाजार मूल्य गाईडलाईन के अनुसार सम्पत्तियों का बाजार मूल्य ₹ 142.21 करोड़ था। यद्यपि, उप पंजीयकों के द्वारा इन विलेखों में सम्पत्तियों को बाजार मूल्य ₹ 98.13 करोड़ पर पंजीकृत किया गया। जिसके परिणामस्वरुप मुद्रांक शुल्क ₹ 3.59 करोड़ एवं पंजीयन शुल्क ₹ 0.34 करोड़ कुल ₹ 3.93 करोड़ का कम आरोपण हुआ, जिसका विवरण **परिशिष्ट IX** मे दर्शाया है।

उप पंजीयकों ने इन सभी प्रकरणों मे विलेखों में उल्लिखित विभिन्न घटकों पर विचार नहीं किया जो संपत्ति के मूल्यांकन को प्रभावित करते हैं और इन विलेखों को संपत्तियों के सही मूल्यांकन एवं उन पर शुल्क के निर्धारण हेतु जिला पंजीयकों को संदर्भित नहीं किया।

विभाग ने सूचित किया (अगस्त 2020) कि एक प्रकरण में ₹ 0.28 लाख की वसूली की गई थी और शेष प्रकरणों में निराकरण की कार्रवाई जारी थी।

3.7 मुद्रांक शुल्क की त्रुटिपूर्ण दर का लगाया जाना

भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 की अनुसूची 1 ए के अनुच्छेद 36 के अनुसार, जब संपत्ति परिवार के सदस्य को उपहार में दी जाती है, तो मुद्रांक शुल्क उस संपत्ति के बाजार मूल्य का 2.5 प्रतिशत की दर से एवं अन्य सभी प्रकरणों में पाँच प्रतिशत की दर से आरोपणीय होता है। इस प्रयोजन के लिए, परिवार का तात्पर्य "माता, पिता, पत्नी, पति, पुत्र, पुत्री, भाई, बहन, दादा और पोता" से है।

- नमूना जाँच से पाया कि तीन उप पंजीयक कार्यालयों के तहत, उपहार विलेखों के चार मामलों में, संपत्ति परिवार के सदस्य के अलावा अन्य को उपहार में दी गई थी, परन्तु पाँच प्रतिशत के बजाय 2.5 प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क त्रुटिपूर्ण आरोपित किया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 0.03 करोड़ के मुद्रांक शुल्क का कम आरोपण हुआ।
- एक अन्य मामले में हस्तान्तरण पत्र का मुख्तारनामा के रूप में गलत वर्गीकरण के कारण, ₹ 0.09 करोड़ का मुद्रांक शुल्क कम आरोपित किया गया।

विभाग ने सूचित किया (अगस्त 2020) कि इन प्रकरणों में निराकरण की कार्यवाही प्रचलन में है।

3.8 भूमि विकास से संबंधित अनुबंधों पर पंजीयन फीस की कम प्राप्ति

07 जनवरी 2015 को जारी, भारतीय मुद्रांक (मध्य प्रदेश) संशोधन अधिनियम, 2014, की अनुसूची–एक के अनुच्छेद 6(डी)(एक) मे प्रावधान है कि, यदि भूमि विकास से संबंधित अनुबंध में यह उपबंध हो कि विकास के पश्चात ऐसी विकसित सम्पत्ति या उसका भाग स्वामी के साथ या तो पृथकतः या तो संयुक्ततः धारित/विक्रय किया जायेगा, तो इस लेन–देन को हस्तान्तरण[25] पत्र जैसा मानते हुए उसमें दी गई दरों पर शुल्क आरोपित किया जायेगा।

इसके अतिरिक्त, पंजीकरण अधिनियम, 1908 के अनुच्छेद 01 के अनुसार, पंजीयन फीस की गणना उस रकम की 0.8 प्रतिशत[26] की दर से की जायेगी, जिस पर मुद्रांक शुल्क प्रभार्य है।

06 उप पंजीयक कार्यालयों[27] के 2,349 विकास अनुबंधों की नमूना जाँच से पाया गया कि 35 अनुबंधों में, विकासकर्ता का हिस्सा सम्पूर्ण भूमि के 50 प्रतिशत के बराबर या कम था। विभाग ने इन प्रकरणों में विकसित की जाने हेतु प्रस्तावित सम्पूर्ण भूमि के बाजार मूल्य पर 2.5 प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क आरोपित किया है। यद्यपि, जिस राशि पर मुद्रांक शुल्क लगाया गया था, अर्थात विकसित की जाने के लिए प्रस्तावित संपूर्ण भूमि के बाजार मूल्य पर 0.8 प्रतिशत की दर से पंजीयन फीस नहीं लगाई गई।

लेखापरीक्षा ने पाया कि इन अनुबंधों के तहत विकसित की जाने वाली संपूर्ण भूमि का बाजार मूल्य ₹ 126.86 करोड़ था, जिसके विरुद्ध 0.8 प्रतिशत की दर से पंजीयन फीस प्रभार्य थी। यद्यपि, उप पंजीयको ने सपूंर्ण भूमि के केवल 50 प्रतिशत मूल्य पर पंजीयन फीस आरोपित की। इसके परिणामस्वरूप ₹ 50.74 लाख के पंजीयन फीस का कम आरोपण हुआ **(परिशिष्ट X)**।

उप पंजीयक द्वारा "पंजीयन फीस के त्रुटिपूर्ण आरोपण" की समान आपत्ति, उन प्रकरणों में जहाँ विकासकर्ता का हिस्सा सम्पूर्ण भूमि के मूल्य का 50 प्रतिशत या कम था, को सीएजी की 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या 5 में भी इंगित किया गया था। विभाग ने पूर्व में (सितंबर 2016 में निर्गम सम्मेलन के दौरान) आपत्ति लिए प्रकरणों में अनियमितताओं को स्वीकार किया था और उचित कार्रवाई करने हेतु आश्वस्त किया था। यद्यपि, अनियमितताएं लगातार पाई गई हैं। स्पष्ट है कि, विभाग ने अपने आश्वासनों पर काम नहीं किया और उप पंजीयकों द्वारा

---

[25] संपूर्ण भूमि के केवल उस हिस्से पर बाजार मूल्य के पाँच प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क लगाया जाएगा, जिसे विकसित किए जाने का प्रस्ताव है, जो कि विकासकर्ता द्वारा संयुक्ततः या पृथकतः धारित/विक्रीत की जाने वाली विकसित संपत्ति के अनुपात में हो, अथवा उस शुल्क का आधा शुल्क जो विकसित किए जाने के लिए प्रस्तावित सम्पूर्ण भूमि के बाजार मूल्य पर 2.5 प्रतिशत की दर से, जो भी अधिक हो।

[26] राज्य सरकार की अधिसूचना 15 अगस्त 2014 से लागू हुई।

[27] बदनावर, भोपाल 2, इन्दौर 1, जबलपुर 2, खंडवा और सोनकच्छ।

दूसरे स्तर के सत्यापन को सुनिश्चित करने के लिए उचित तंत्र नहीं रखा, जैसा कि 31 मार्च 2016 को समाप्त वर्ष के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में इंगित किया गया था।

विभाग ने सूचित किया (अगस्त 2020) कि तीन मामलों में ₹ 1.59 लाख की वसूली की गई और शेष 32 प्रकरणों में निराकरण की कार्रवाई जारी थी। लेखापरीक्षा में अंतिम कार्रवाई प्रतीक्षित है (दिसंबर 2020)।

3.9 सॉफ्टवेयर में अपर्याप्त नियंत्रण

मध्य प्रदेश शासन के पंजीयन विभाग द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनांक 19 जनवरी 2018 द्वारा नगर निगम/नगर पालिका शुल्क (नगर पालिका शुल्क) को दो प्रतिशत से बढ़ाकर तीन प्रतिशत किया गया था और इसे सम्पदा सॉफ्टवेयर में 18 और 19 जनवरी 2018 की मध्य रात्रि से प्रभावी किया गया था।

11 उप पंजीयक कार्यालयों[28] में हस्तांतरण पत्र से संबंधित 4,595 विलेखों की नमूना जाँच में पाया कि, नगर पालिका सीमा के भीतर स्थित अचल संपत्ति के 44 विलेखों को 19 जनवरी 2018 को या उसके बाद निष्पादित किया गया था। यद्यपि, सॉफ्टवेयर द्वारा नगर पालिका शुल्क की गणना संपत्ति के मूल्य पर तीन प्रतिशत के स्थान पर पुरानी दर दो प्रतिशत से की गयी थी। इसके परिणामस्वरूप नगर पालिका शुल्क ₹ 16.85 लाख की कम प्राप्ति हुई **(परिशिष्ट XI)**।

यह आपत्ति केवल नमूना जाँच किए गए विलेखों में ही पाई गई थी। इसलिए, विभाग अन्य सभी विलेखों की आंतरिक जाँच कर सकता है एवं समुचित व्यवसायिक तर्क के विकास और सम्पदा सॉफ्टवेयर में पर्याप्त अनुप्रयोग नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए एक उपयुक्त तंत्र विकसित कर सकता है।

विभाग ने अपने उत्तर में बताया (अगस्त 2020) कि छह प्रकरणों में ₹ 6.62 लाख की वसूली की गई, एक प्रकरण विधिवत मुद्रांकित पाया गया और शेष 37 प्रकरणों में, निराकरण की कार्रवाई जारी थी।

3.10 पट्टा अनुबंधों के तहत देय या परिदेय रॉयल्टी की सम्पूर्ण राशि पर शुल्क/फीस आरोपित नहीं किया जाना

भारतीय मुद्रांक अधिनियम, 1899 (14 जनवरी 2016 को संशोधित) की अनुसूची एक–क के अनुच्छेद 38 (ब) मे प्रावधान है कि खनन पट्टों के तहत देय या परिदेय सम्पूर्ण राशि का 0.75 प्रतिशत की दर से मुद्रांक शुल्क आरोपणीय है। साथ ही, पंजीकरण अधिनियम 1908 के अनुच्छेद 2 के अनुसार, खनन पट्टा पर मुद्रांक शुल्क के मूल्य के तीन–चौथाई की दर से पंजीयन फीस की गणना की जाएगी।

10 जिला खनिज कार्यालयों (जि.ख.का.)[29] में पंजीकृत कुल 1973 खनिज पट्टा विलेखों मे से 502 पट्टों (25.44 प्रतिशत) की नमूना जाँच में पाया कि अप्रैल 2016 और मार्च 2019 के बीच पंजीकृत 25 पट्टा विलेखों में, 10 उप पंजीयकों द्वारा मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस का सही आरोपण नहीं किया गया।

25 पट्टा विलेखों में से, 24 प्रकरणों में, नौ उप पंजीयकों[30] ने पट्टों के तहत देय या परिदेय रॉयल्टी की सम्पूर्ण राशि पर विचार नहीं किया, जैसा कि मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस के निर्धारण के लिए अनुमोदित खनन योजना में वर्णित है। एक अन्य प्रकरण में, उप पंजीयक खरगोन ने पट्टे की सम्पूर्ण अवधि के दौरान देय रॉयल्टी के स्थान पर खनिज भूमि के बाजार मूल्य पर मुद्रांक शुल्क आरोपित किया।

---

[28] भोपाल 2, धार, गंजबासोदा, ग्वालियर 1, इन्दौर 1, इन्दौर 2, इन्दौर 4, जबलपुर 2, ओबेदुल्लागंज, रतलाम और सागर 1।

[29] अनूपपुर, भोपाल, छतरपुर, दमोह, इन्दौर, खरगौन, रीवा, सागर, सीधी और उज्जैन।

[30] अनूपपुर, भोपाल, छतरपुर, दमोह, इन्दौर, रीवा, सागर, सीधी और उज्जैन।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि इन 25 प्रकरणों में ₹ 10.40 करोड़ का मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस आरोपणीय थी, किन्तु उप पंजीयकों ने केवल ₹ 5.19 करोड़ आरोपित किया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 5.21 करोड़ के मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस की कम प्राप्ति हुई **(परिशिष्ट XII)**।

विभाग ने बताया (अगस्त 2020) कि तीन प्रकरणों में ₹ 49.10 लाख की वसूली की गई थी, तीन प्रकरणों में आर.आर.सी जारी की गई और शेष प्रकरणों में संबंधित जिला पंजीयकों को शीघ्र वसूली के लिए निर्देश दिए गए थे और, प्रकरणों के त्वरित निपटान के लिए प्रयास किए जा रहे थे।

3.11 निष्कर्ष

पंजीयन और मुद्रांक विभाग की लेखापरीक्षा में चयनित उप पंजीयकों और जिला खनिज कार्यालयों की नमूना जाँच में संपत्ति के मूल्यांकन, सम्पदा सॉफ्टवेयर में नियंत्रण, अनुमोदित खनन योजना के अनुसार सही रॉयल्टी की निगरानी और गणना जैसी महत्वपूर्ण कमियां पाई, जैसा कि नीचे संक्षेप में प्रस्तुत हैं–

- विलेखों में उल्लिखित तथ्यों/सूचनाओं के अनुसार संपत्ति का मूल्यांकन नहीं किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप संपत्ति के अवमूल्यांकन के कारण मुद्रांक शुल्क एवं पंजीयन फीस का कम आरोपण हुआ;
- विभाग ने दर के सही आरोपण एवं शुल्क/फीस की गणना के लिए सम्पदा सॉफ्टवेयर पर पर्याप्त नियंत्रण के प्रावधान सुनिश्चित नहीं किए और विभिन्न स्तरों पर मानवीय हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणामस्वरूप शुल्क/फीस का कम आरोपण हुआ;
- पंजीयन प्राधिकारियों ने मुद्रांक शुल्क और पंजीयन फीस के निर्धारण के लिए पट्टों के तहत देय या परिदेय रॉयल्टी की पूरी राशि पर विचार नहीं किया, जैसा कि अनुमोदित खनन योजना में उल्लेखित था, जिसके परिणामस्वरूप इनका कम आरोपण हुआ।

अध्याय – IV
भू–राजस्व

मुख्य आकर्षण

सीएजी ने यह लेखापरीक्षा क्यों की

म.प्र. भू–राजस्व संहिता 1959 (म.प्र.भू.रा.सं.) के अनुसार, ''भू–राजस्व'' में शामिल है, धारित भूमि के लिए, राज्य सरकार को देय समस्त धन और इसमें सम्मिलित है प्रीमियम, लगान अथवा पट्टाधन, प्रमुक्ति भाटक या इन भावों का कोई अन्य संज्ञानात्मक रूपांतर।

जब कृषि भूमि को आवासीय/वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए व्यपवर्तित किया जाता है, तो उप संभागीय अधिकारियों (एसडीओ) द्वारा भूमि के व्यपवर्तित उपयोग के लिए भू–राजस्व एवं प्रीमियम का निर्धारण किया जाता है। राज्य में स्थायी और अस्थायी पट्टे पर आवंटित नजूल/सरकारी भूमि पर भू–भाटक, प्रीमियम और ब्याज आरोपित किया जाता है। म.प्र.भू.रा.सं. 1959, राजस्व पुस्तक परिपत्र (रा.पु.प.) और समय–समय पर जारी कार्यकारी निर्देशों के अंतर्गत जुर्माना, शास्ति, प्रक्रिया शुल्क और ब्याज भी आरोपित किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, पंचायत क्षेत्र में स्थित भूमि के संबंध में भू–राजस्व पर पंचायत उपकर (सेस) भी आरोपित किया जाता है।

यह लेखापरीक्षा यह आंकलन करने के लिए की गयी थी कि क्या भूमि के व्यपवर्तन से संबंधित प्रकरणों का निर्धारण किया जा रहा है तथा प्रीमियम किराया और पंचायत उपकर को म.प्र.भू.रा.सं., 1959 के अनुसार एकत्र किया जा रहा है।

सीएजी को क्या मिला

प्रधान राजस्व आयुक्त (प्र.रा.आ.) के कार्यालय और 47 में से 28 कलेक्ट्रेट्स के अभिलेखों की नमूना जाँच के दौरान, लेखापरीक्षा ने प्रणाली में कमियाँ तथा अधिनियम/नियमों के विभिन्न प्रावधानों का अनुपालन नहीं होना पाया, जिसकी चर्चा नीचे की गई है :

- *उपबंध और शासकीय अधिसूचनाओं के प्रावधानों का गैर–अनुपालन, जिसके परिणामस्वरूप व्यपवर्तन भाटक, प्रीमियम और पंचायत उपकर का कम निर्धारण किया गया,*
- *भू–राजस्व, प्रीमियम, पंचायत उपकर और शास्ति वसूल किए बिना व्यपवर्तन के आदेश जारी करने से भू–राजस्व की प्राप्ति नहीं हुई।*

इन कमियों का, कुल राजस्व प्रभाव ₹ 4.85 करोड़ है।

4.1 परिचय

राजस्व विभाग शासकीय भूमि के संरक्षक के रूप में कार्य करता है और राज्य के भूमि अभिलेखों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करता है। यह भूमि के उपयोग के संदर्भ में भू–राजस्व के निर्धारण और प्राप्ति से संबंधित मध्य प्रदेश भू–राजस्व संहिता (म.प्र.भू.रा.सं.), 1959 के विभिन्न प्रावधानों को भी लागू करता है।

शासन स्तर पर प्रमुख सचिव राजस्व विभाग का प्रमुख होता है। प्रधान राजस्व आयुक्त (प्र.रा.आ.) विभाग प्रमुख होता है जिसकी सहायता के लिए आयुक्त, बंदोबस्त एवं भू–अभिलेख (आ.बं.भू.अ.) होता हैं। संभागीय आयुक्त (स.आ.) संभाग के अंतर्गत सम्मिलित जिलों पर प्रशासनिक और वित्तीय नियंत्रण रखते हैं। प्रत्येक जिले में, विभाग की गतिविधियों पर कलेक्टर का प्रशासनिक नियंत्रण होता है तथा उसकी सहायता करने हेतु एक या अधिक उप–संभागीय अधिकारी, जो सहायक कलेक्टर/उप–कलेक्टर/संयुक्त कलेक्टर पद के होते हैं, पदस्थ रहते हैं। राजस्व अभिलेख और बंदोबस्त के संधारण हेतु कलेक्टरेट्स में अधीक्षक/सहायक अधीक्षक, भू–अभिलेख (एसएलआर/एएसएलआर) की पदस्थापना की जाती है। तहसीलदार/अपर तहसीलदार को तहसीलों में राजस्व विभाग के प्रतिनिधियों के रूप में नियुक्त किया जाता है। राज्य में 10 राजस्व संभाग (प्रत्येक का प्रमुख आयुक्त होता है), 52 जिले (प्रत्येक का प्रमुख कलेक्टर होता है) और 369 तहसीलें हैं। विभाग की संगठनात्मक संरचना को नीचे **चार्ट 4.1** में दिया गया है।

चार्ट 4.1 : संगठनात्मक संरचना



4.2 प्राप्तियों की प्रवृत्ति

पाँच वर्ष की अवधि 2014–2019 में भू–राजस्व की प्राप्तियों की प्रवृत्ति नीचे **चार्ट 4.2** में दी गई है:

चार्ट 4.2 : भू–राजस्व प्राप्तियाँ

(₹ करोड़ में)



स्रोतः मध्य प्रदेश शासन के वित्त लेखे

जैसा कि ऊपर दिए गए चार्ट से देखा जा सकता है, वर्ष 2014–2018 की अवधि के दौरान वर्ष दर वर्ष भू–राजस्व में वृद्धि हुई है। यद्यपि, 2018–19 के दौरान भू–राजस्व प्राप्तियों में 21.81 प्रतिशत की भारी गिरावट रही। साथ ही, 2014–18 के दौरान वार्षिक वृद्धि के बावजूद, इस अवधि के दौरान वास्तविक प्राप्तियाँ किसी भी वर्षों में बजटीय अपेक्षाओं से मेल नहीं खाती हैं। वास्तव में, ₹ 383.91 करोड पर, 2018–19 के दौरान भू–राजस्व प्राप्तियाँ, बजटीय अपेक्षाओं से 68 प्रतिशत कम रही।

विभाग ने 2016–17 में भू–राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए बड़े बकायादारों को चिन्हित करके भू–राजस्व बकाया की वसूली को जिम्मेदार बताया। यह बताते हुए कि, वित्त विभाग द्वारा 2017–18 के लिए निर्धारित बजट लक्ष्य अधिक था, विभाग ने यह भी बताया गया कि वर्ष 2016–17 की राजस्व प्राप्तियों की तुलना में वर्ष 2017–18 की राजस्व प्राप्तियाँ 20.74 प्रतिशत अधिक थी। वर्ष 2018–19 के दौरान प्राप्तियों की कमी के संबंध में विभाग ने इसके लिए जिला स्तर पर अधिकारियों और कर्मचारियों की कमी तथा अन्य शासकीय कार्यों में संलग्न होना बताया (नवंबर 2019)।

4.3 लेखापरीक्षा के परिणाम

भू–राजस्व प्राप्तियों की लेखापरीक्षा, व्यपवर्तन प्रकरणों में भू–राजस्व और प्रीमियम के निर्धारण एवं संग्रह से संबंधित अभिलेखों की नमूना जाँच के माध्यम से 28 कलेक्ट्रेट (47 में से) और 28 उप संभागीय अधिकारी कार्यालयों (व्यपवर्तन भाटक की अधिकतम प्राप्त राशि के आधार पर चयनित) में तीन साल की अवधि 2016–17 से 2018–19 के लिए, यह आश्वासन प्राप्त करने के लिए की गई कि, करों का लगाया जाना, एकत्र किया जाना और उनका लेखांकन संबंधित अधिनियमों, संहिताओं और नियमावली के अनुसार किया गया तथा शासन के हितों की रक्षा की गई हैं। इसके अतिरिक्त, प्र.रा.आ. कार्यालय और 10 संभागीय आयुक्तों के कार्यालयों[31] से भी जानकारी एकत्र की गई।

लेखापरीक्षा की समाप्ति पर, निष्कर्ष विभाग को टिप्पणियों/प्रतिक्रियाओं के लिए प्रेषित किए गए (जनवरी 2020), बार–बार अनुरोध (जून से अगस्त 2020 के मध्य) के बावजूद, निर्गम सम्मेलन आयोजित नहीं किया जा सका।

[31] विभागीय निरीक्षण के संबंध में।

लेखापरीक्षा द्वारा, अधिनियमों और नियमों के प्रावधानों से विचलन/गैर–अनुपालन, एवं विभिन्न कारणों से 640 प्रकरणों में जिनमें ₹ 4.85 करोड़ की राशि शामिल थी, भूमि राजस्व प्राप्तियों की वसूली नहीं होना, के उदाहरण संज्ञान में लाए गए, जैसा विवरण **तालिका 4.1** में दिया गया है।

तालिका 4.1: राजस्व प्राप्तियों पर लेखापरीक्षा आपत्तियों की श्रेणी

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	लेखापरीक्षा आपत्तियों की श्रेणी	लेखापरीक्षा विचलनों की संख्या	राशि
1	व्यपवर्तन भाटक, प्रीमियम एवं पंचायत उपकर का न्यून आरोपण के कारण– (i) निर्धारण के लिए भूमि का बाजार मूल्य त्रुटिपूर्ण लिया जाना, (ii) दरों का त्रुटिपूर्ण लगाया जाना, एवं; (iii) पंचायत उपकर आदि का आरोपित न किया जाना।	527	2.94
2	व्यपवर्तित प्रकरणों में भू–राजस्व की अप्राप्ति	113	1.91
	योग	**640**	**4.85**

भू–राजस्व के अंतर्गत लेखापरीक्षा के निष्कर्षों की व्यापक श्रेणियों की विस्तृत चर्चा आगामी कंडिकाओं में की गई है। नमूना जाँच में सम्मिलित नहीं की गई अन्य इकाईयों में भी, समान अनियमितताएं, त्रुटियाँ/चूक अस्तित्व में हो सकती हैं। अतः, विभाग, अधिनियमों और नियमों के प्रावधानों के अनुसार भू–राजस्व का निर्धारण, आरोपण और संग्रह को सुनिश्चित करने के लिए सभी इकाईयों की जाँच कर सकता है।

लेखापरीक्षा निष्कर्ष

म.प्र.भू.रा.सं., रा.पु.प. और समय–समय पर जारी कार्यकारी निर्देशों के प्रावधानों के अनुसार, जब कृषि भूमि को आवासीय/वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए व्यपवर्तित किया जाता है तब भूमि के व्यपवर्तन किए गए उद्देश्य के लिए भाटक और प्रीमियम का निर्धारण एसडीओ द्वारा किया जाता है। राज्य में स्थायी और अस्थायी पट्टे पर आवंटित नजूल[32]/सरकारी भूमि पर जमीन का भाटक, प्रीमियम और ब्याज लगाया जाता है। इसके अतिरिक्त, पंचायत उपकर (सेस) भी पंचायत क्षेत्र में स्थित भूमि के संबंध में भू–राजस्व पर लगाया जाता है।

4.4 भू–राजस्व एवं प्रीमियम का न्यून आरोपण

म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के अनुसार, यदि किसी उद्देश्य के लिए निर्धारण की गई भूमि किसी अन्य उद्देश्य के लिए व्यपवर्तित की जाती है, तो ऐसी भूमि पर देय भू–राजस्व एवं प्रीमियम को उस उद्देश्य के अनुसार जिसके लिए इसे व्यपवर्तित किया गया, संशोधित और निर्धारित किया जाएगा। व्यपवर्तन किए गए उपयोग के लिए भू–राजस्व और प्रीमियम की दरें, नियमों[33] में निर्धारित दरों पर भूमि के बाजार मूल्य के आधार पर देय होगी। साथ ही, भूमि के बाजार मूल्य के निर्धारण के लिए, अध्यक्ष, केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड और महानिरीक्षक, पंजीयन, ने (अप्रैल 2015) बाजार मूल्य के दिशा–निर्देशों के लिए उपबंध (प्रावधान) जारी किये हैं।

---

[32] नजूल भूमि सरकारी भूमि है जिसका उपयोग निर्माण या सार्वजनिक उपयोगिता जैसे बाजार या मनोरंजन के स्थान के लिए किया जाता है।

[33] म.प्र.भू.रा.स., 1959 की धारा 258 और धारा 59 के तहत बनाए गए नियम।

लेखापरीक्षा ने 28 चयनित कलेक्टरेट्स में एसडीओ द्वारा अप्रैल 2015 और मार्च 2019 के बीच निर्धारण किये गये 42,408 प्रकरणों में से 8,313 (लगभग 19.60 प्रतिशत) व्यपवर्तन प्रकरण नमूना जांच किये (जून 2019 और दिसंबर 2019 के मध्य), और 26 इकाईयों में 527 प्रकरणों में व्यपवर्तन भाटक और प्रीमियम आरोपण हेतु भूमि के बाजार मूल्य निर्धारण में नियमों का गैर अनुपालन/विचलन पाया गया। इसके परिणामस्वरूप ₹ 2.89 करोड़ का भू–राजस्व एवं प्रीमियम का कम आरोपण, इसके अतिरिक्त, ₹ 0.05 करोड़ का पंचायत उपकर का अनारोपण हुआ, सकल ₹ 2.94 करोड़ का कम आरोपण/अनारोपण हुआ **(परिशिष्ट XIII)**।

विभाग ने सूचित किया (सितंबर 2020) कि जिलों से अनुपालन मांगा जा रहा है।

इन 527 मामलों के बारे में लेखापरीक्षा टिप्पणियों का विवरण इस प्रकार है:

4.4.1 भूमि का त्रुटिपूर्ण बाजार मूल्य लिया जाना

(अ) बाजार मूल्य दिशानिर्देश 2015 के उपबंध की कंडिका 4 के अनुसार, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर नगर निगम की सीमा में, अन्य शहरों के नगर निगम और नगर पालिका की सीमा में और नगरपरिषद/विशिष्ट ग्राम की सीमा में या निर्दिष्ट निवेश क्षेत्रों में स्थित भूमि का निर्धारण क्रमशः पहले 1000 वर्गमीटर, 500 वर्गमीटर, और 300 वर्गमीटर के लिए क्रमशः विकसित भूमि के लिए निर्धारित दरों पर किया जाना था, जैसा कि उपबंध में निर्दिष्ट है और शेष भूमि का निर्धारण कृषि भूमि के लिए निर्धारित दरों पर किया जाना था।

436 प्रकरणों (24 कलेक्टर[34]) में, भूमि के निर्दिष्ट क्षेत्र का निर्धारण उपबंध के अनुसार विकसित भूमि के रूप में नहीं किया गया। एसडीओ ने सम्पूर्ण भूमि का निर्धारण केवल कृषि भूमि के लिए लागू दरों के आधार पर किया, जिसके परिणामस्वरूप भाटक, प्रीमियम और भाटक पर पंचायत उपकार की राशि ₹ 2.58 करोड़ का कम आरोपण हुआ।

(ब) उपबंध की कंडिका 1 के अनुसार, गांवों/क्षेत्र में, जहां सड़कों के पास[35] स्थित भूमि के लिए पृथक से दरें निर्धारित नहीं हैं, भूमि का मूल्य, राष्ट्रीय राजमार्ग और इसके उपमार्ग, राज्य राजमार्ग और इसके उपमार्ग तथा जिला मार्ग के लिए क्रमशः बाजार मूल्य से 100 प्रतिशत, 50 प्रतिशत और 20 प्रतिशत अधिक निर्धारित किया जायेगा।

24 प्रकरणों (छः कलेक्टर[36]) में, उपबंध की कंडिका 1 के अनुसार उच्च दरें लागू नहीं की गई थीं, यद्यपि भूमि सड़क के पास स्थित थी। इसके परिणामस्वरूप भाटक, प्रीमियम और पंचायत उपकर राशि ₹ 6.08 लाख का कम आरोपण हुआ।

4.4.2 भू–राजस्व के निर्धारण के लिए त्रुटिपूर्ण दरों का लगाया जाना

शासन ने 28 सितंबर 2018 की अधिसूचना (25 सितंबर 2018 से लागू) से, भू–राजस्व और प्रीमियम का आंकलन करने की पद्धति को संशोधित किया। नई पद्धति के अतंर्गत, भूमि के उपयोग के विभिन्न उद्देश्यों के लिए निर्धारित प्रति वर्ग मीटर दरों के आधार पर भू–राजस्व की गणना की जानी थी। पूर्व में, बाजार मूल्य दिशा निर्देशों के अनुसार पहले भूमि के बाजार मूल्य का निर्धारण किया जाता था और उसके बाद, निर्धारित किए गए बाजार मूल्य पर व्यपवर्तन भाटक और प्रीमियम की दरें लागू की जाती थीं।

---

[34] आगर मालवा (35), अलीराजपुर (01), छतरपुर (01), दमोह (05), देवास (02), गुना (02), ग्वालियर (51), इंदौर (36), कटनी (20), खरगोन (05), मंडला (02), मंदसौर (31), मुरैना (05), पन्ना (05), रतलाम (30), रीवा (10), सागर (14), सतना (28), सीहोर (18), शहडोल (57), श्योपुर (58), उज्जैन (10), उमरिया (08) और विदिशा (02)।

[35] सड़क से 20 मीटर की सीमा के अंदर।

[36] आगर मालवा (15), अलीराजपुर (02), छिन्दवाड़ा (02), मंदसौर (02), सागर (02) और उज्जैन (01)।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 22 प्रकरणों (आठ कलेक्टर[37]) में, भू–राजस्व और प्रीमियम की गणना के लिए, शासन की अधिसूचना दिनांक 28 सितंबर 2018 के अनुसार सही दरों को लागू नहीं किया गया। इसके परिणामस्वरूप भू–राजस्व, प्रीमियम और पंचायत उपकर राशि ₹ 23.47 लाख का कम आरोपण हुआ।

4.4.3 पंचायत उपकर आरोपित न किया जाना

पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 की धारा 74(1) के अनुसार, प्रत्येक भूमिधारक और शासकीय पट्टेदार इस अधिनियम के उद्देश्य से प्रत्येक राजस्व वर्ष के लिए उनके द्वारा ग्रामसभा में धारित भूमि के संबंध में उपकर (पंचायत उपकर) ऐसी भूमि पर आकलित भाटक या भू–राजस्व के 50 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी होंगे।

लेखापरीक्षा ने पाया कि 45 प्रकरणों (छः कलेक्टर[38]) में, पंचायत उपकर आरोपित नहीं किया गया था, यद्यपि भूमि ग्राम सभा क्षेत्र में स्थित थी। इसके परिणामस्वरूप उपकर राशि ₹ 2.72 लाख का कम आरोपण हुआ। इसके अतिरिक्त, इन 45 में से 16 प्रकरणों में, भाटक और प्रीमियम राशि ₹ 3.77 लाख के कम आरोपण के उदाहरण भी देखे गये।

4.5 व्यपवर्तित प्रकरणों में भू–राजस्व की वसूली न होना

म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 के साथ सह पठित धारा 172 के अनुसार, जहाँ एक उद्देश्य के लिए निर्धारित की गई भूमि को दूसरे उद्देश्य के लिए व्यपवर्तित किया गया है, तो उस भूमि पर एसडीओ द्वारा प्रीमियम और व्यपवर्तन भाटक का पुनः निर्धारण किया जाएगा। प्रीमियम एक ही बार किया जाने वाला भुगतान है, जबकि भाटक अन्य उद्देश्यों के लिए व्यपवर्तित की गयी भूमि पर वार्षिक शुल्क है। म.प्र.भू.रा.सं. में भू स्वामी को व्यपवर्तन आदेश जारी करने से पहले निर्धारित किये गए भाटक और प्रीमियम के अग्रिम प्रेषण के बारे में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट नहीं है। इसके फलस्वरूप, भाटक और प्रीमियम की बड़ी राशि बकाया रहीं। विभाग ने बकाया के पूर्व भुगतान के लिए जून 2019 में प्रक्रियात्मक नियमों में आवश्यक परिवर्तन किए थे।

अभिलेखों[39] की लेखापरीक्षा जाँच (जून 2019 से दिसंबर 2019 तक) से प्रकट हुआ कि चार कलेक्टर[40] ने दिसंबर 2014 से मार्च 2019 की अवधि के दौरान 7,768 प्रकरणों में व्यपवर्तन आदेश जारी किए। लेखापरीक्षा में नमूना जाँच किये गए 1,255 प्रकरणों में से 113 प्रकरणों में, भूमि के व्यपवर्तित उपयोग के आदेश भाटक ₹ 22.54 लाख, प्रीमियम ₹ 35.91 लाख, पंचायत उपकर ₹ 1.86 लाख और शास्ति ₹ 130.83 लाख वसूल किए बिना जारी किए गए थे। लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि लेखापरीक्षा में इंगित गैर–अनुपालन/विचलन के प्रकरणों में भी कलेक्टर द्वारा वसूली के लिए कार्यवाही भी नहीं की गयी थी। परिणामस्वरूप, **परिशिष्ट XIV** में दिखाए गए विवरण के अनुसार, इन कलेक्टोरेट्स में ₹ 1.91 करोड़ की राशि वसूली के लिए अभी भी लंबित थी।

लेखापरीक्षा में इंगित किये जाने पर, विभाग ने उत्तर दिया कि तहसीलदारों को बकाया राजस्व वसूलने के लिए निर्देशित किया जायेगा।

शासन ने उत्तर (अगस्त 2020) दिया कि वर्तमान में व्यपवर्तन की म.प्र.भू.रा.सं. की धारा 172 को रद्द कर दिया गया था और म.प्र.भू.रा.सं 1959 की धारा 59 और 60 के तहत भू–राजस्व के निर्धारण नियम को 28 सितंबर 2018 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया

---

37 भोपाल (02), दमोह (04), गुना (01), मंदसौर (06), मुरैना (02), पन्ना (02), रतलाम (03) और श्योपुर (02)।

38 अलीराजपुर (03), मंडला (01), मंदसौर (15), पन्ना (01), शहडोल (10) और श्योपुर (15)।

39 वसूली की लंबित राशि और राजस्व निरीक्षकों तथा अ.वि.अ. के अभिलेखों से सम्बन्धित आवर्ती विवरणियां तहसीलदार द्वारा कलेक्टर्स को भेजी जाती हैं।

40 गुना, सागर, सतना और विदिशा।

था और निर्धारित किये गए भाटक और प्रीमियम के अग्रिम प्रेषण के लिए प्रक्रियात्मक नियम 07 जून 2019 को जारी किए गए थे।

यद्यपि विभाग ने प्रासंगिक नियम और प्रक्रिया जून 2019 में संशोधित किये थे, पुराने प्रकरणों में, जहाँ व्यपवर्तन आदेश पूर्व में ही पारित हो चुके हैं, निर्धारित भाटक और प्रीमियम की वसूली सुनिश्चित करने के लिए उचित कार्यवाही की आवश्यकता है।

4.6 विभागीय निरीक्षण

राजस्व पुस्तक परिपत्र (रा.पु.प.) की कंडिका 34 की धारा II (1) के प्रावधानों के अनुसार, सं.आ. को वर्ष में एक बार अपने प्रशासनिक नियंत्रण में प्रत्येक जिले का विस्तृत निरीक्षण करना चाहिए। हालांकि, यदि जिलों की संख्या पाँच से अधिक है, तो निरीक्षण की योजना ऐसी होनी चाहिए कि सभी कलेक्टर कार्यालयों का निरीक्षण दो साल की अवधि में एक बार हो जाए। सं.आ को तहसीलों का निरीक्षण भी इस तरह से करना चाहिए कि प्रत्येक तहसील का तीन साल की अवधि में कम से कम एक बार निरीक्षण हो जाए। 10 सं.आ. कार्यालयों के अभिलेखों की नमूना जाँच से प्रकट हुआ कि 2016–17 से 2018–19 के दौरान निरीक्षण में कमी रहीं। विवरण **तालिका 4.2** में दिया गया है।

तालिका 4.2: सं.आ. द्वारा योजना और किए गए निरीक्षण का विवरण

वर्ष	रा.पु.प.के अनुसार आवश्यक निरीक्षण		रोस्टर के योजना अनुसार निरीक्षण		किए गए वास्तविक निरीक्षण	
	कलेक्ट्रेट	तहसील	कलेक्ट्रेट	तहसील	कलेक्ट्रेट	तहसील
2016–17	43	369	19	171	7 (63.16)	49 (71.34)
2017–18	43		22	103	8 (63.64)	35 (66.02)
2018–19	43		28	155	12 (57.14)	74 (52.25)
योग	**129**	**369**	**69**	**429**	**27 (60.86)**	**158 (63.17)**

स्रोत : संभागीय आयुक्त कार्यालयों द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़े।
नोट : कोष्ठक में आंकड़े योजना अनुसार निरीक्षण से कमी का प्रतिशत है।

जैसा कि ऊपर की तालिका से देखा जा सकता है, रा.पु.प. में निर्धारित निरीक्षण के मापदंडों के विरूद्ध कलेक्ट्रेट और तहसील कार्यालयों के निरीक्षण में क्रमशः 79 प्रतिशत (औसत) और 57 प्रतिशत (औसत) की, एवं नियोजित निरीक्षण के संबंध में, कलेक्ट्रेट और तहसील कार्यालयों के निरीक्षण में क्रमशः 61 प्रतिशत (औसत) और 63 प्रतिशत (औसत) निरीक्षण की कमी थी।

